राष्ट्रीय दैनिक



# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बदलाव के दौर से गुजर रहा...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 232 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

## वित्त मंत्री बोलीं: हम लोगों को सपने नहीं दिखाते, उन्हें साकार करते हैं

नई दिल्ली। अविश्वास प्रस्ताव अपने आखिरी चरण में है। आज पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा में बोलने वाले हैं। इन सब के बीच तीसरे दिन की चर्चा की शुरूआत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। सबसे पहले उन्होंने वैश्विक आर्थिक स्थिति पर बोलना शुरू किया। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यूपीए के शासन के दौरान, नागरिकों को लाभ मिलना चाहिए था और एनडीए के शासन के दौरान लोगों को पहले से ही लाभ मिल रहा है। यूपीए और एनडीए सरकार के बीच अंतर बताते हुए सीतारमण ने कहा के पहले होता था था शमिलेगाश और अब होता है मिल गया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल किया था। भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था घोषित किया गया था। आज उसी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को अपग्रेड किया और ऊंची रेटिंग दी। उन्होंने कहा कि 9 वर्षों में, हमारी सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था ऊपर उठी और आर्थिक विकास हुआ – कोविड के बावजूद। आज, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने भविष्य के विकास को लेकर आशावादी और सकारात्मक होने की एक स्थिति में है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि शबनेगा, मिलेगाश जैसे शब्द अब प्रचलन में नहीं हैं। आजकल लोग क्या उपयोग कर रहे हैं? शबन गए, मिल गए, आ गए।श

भाजपा नेता ने कहा कि यूपीए के दौरान लोग कहते थे शबिजली आएगीश, अब लोग कहते हैं शबिजली आ गईश। उन्होंने कहा शगैस कनेक्शन मिलेगाश, अब शगैस कनेक्शन मिल गयाश... उन्होंने कहा एयरपोर्ट शबनेगाश, अब एयरपोर्ट शबन गयाश। उन्होंने कहा कि परिवर्तन वास्तविक डिलीवरी के माध्यम से आता है, न कि बोले गए शब्दों के माध्यम से। तुम लोगों को सपने दिखाते हो। हम उनके सपनों को साकार करते हैं। हम सभी को सशक्त बनाने और किसी के तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करते। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने 2014 और 2019 में यूपीए के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया और उन्हें हरा दिया। 2024 में भी यही स्थिति होगी। गृह मंत्री ने कल कहा, यूपीए का नाम बदलने की क्या जरूरत?..इनमें गजब की एकता है. यह समझना मुश्किल है कि वे एक–दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं या साथ मिलकर। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री यहां के मोहल्ला क्लीनिक देखने दिल्ली आए। उन्होंने आकर कहा कि इनमें कुछ खास नहीं है और हम निराश हैं। ये उनकी लड़ाई का एक उदाहरण है।

# यमुना नदी प्रदूषण: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली–हरियाणा से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा, 3 अक्टूबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और दिल्ली से यमुना नदी के प्रदूषण पर अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है और कहा है कि वह 3 अक्टूबर को इस मुद्दे पर विचार करेगा। मंगलवार को श्प्रदूषित नदियों का निवारणश शीर्षक से स्वतरू संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके ध्यान में लाया गया है कि यमुना और तटीय क्षेत्रों के प्रदूषण और उपचारात्मक उपायों से संबंधित मामले उसके समक्ष हैं। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह बताया गया है कि यह उचित होगा कि इन मुद्दों को विभाजित करके सुना जाए ताकि उपचारात्मक उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन हो सके। उस दृष्टि से, हम पहले यमुना नदी के प्रदूषण से संबंधित मुद्दे को सुनना उचित समझते हैं। उस संबंध में, स्थिति रिपोर्ट हरियाणा राज्य और दिल्ली राज्य द्वारा अलग से दायर की जाएगी। पीठ ने कहा कि इसी तरह, जहां तक घ्तटीय क्षेत्रों का सवाल है, हालांकि इस मुद्दे को अलग से उठाया जाएगा, जिसके लिए बाद के अवसरों पर एक तारीख तय की जाएगी जब ये मामले सूचीबद्ध होंगे, उस संबंध में स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करना आवश्यक है। इसमें कहा गया कि यमुना के प्रदूषण से संबंधित मुद्दे पर विचार करने के लिए मामले को तीन अक्टूबर को सूचीबद्ध किया जाएगा।



# मणिपुर पर झूठ फैला रहे विपक्षी दल

## पीएम मोदी बोले- देश भरोसा रखे, मणिपुर में शांति का सूरज जरूर उगेगा

नई दिल्ली। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरा मणिपुर पर भी विपक्षी नेताओं के सवालों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के नाते अमित शाह ने मणिपुर को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश भरोसा रखे, मणिपुर में शांति का सूरज जरूर उगेगा। पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देने के बाद विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट किया। वॉकआउट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने कहा, ष्जो लोग सवाल उठाते हैं उनमें जवाब सुनने का साहस नहीं है।ष उन्होंने कहा कि मणिपुर में अदालत का फैसला आया अब उसके पक्ष–विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं उसमें हिंसा का दौर शुरू हुआ। मोदी ने कहा कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारें हर संभव कोशिश कर रही हैं। मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले समय में मणिपुर में शांति बहाल होगी। मैं मणिपुर की महिलाओं और बेटियों सहित मणिपुर के लोगों को बताना चाहता हूं कि देश आपके साथ है। जिस तरह से प्रयास चल रहे हैं, करीबी भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। उन्होंने कहा कि मैं मणिपुर के लोगों, माता, भाइयों, बहनों से कहना चाहुंगा कि देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे। मणिपुर विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि मणिपुर में तब किसकी सरकार थी जब सब कुछ उग्रवादी संगठनों की इच्छा के मुताबिक होता था?



# चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास कर रही सरकार: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल के विनियमन के लिए सरकार द्वारा लाए जाने वाले विधेयक को 'असंवैधानिक, मनमाना और अनुचित' करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह इसका हर मंच पर विरोध करेगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह आरोप भी लगाया कि यह कदम निर्वाचन आयोग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों की कठपुतली बनाने का प्रयास है। वेणुगोपाल ने 'एक्स' (पूर्व का ट्विटर) पर पोस्ट किया, ''यह चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाने का खुला प्रयास है। उच्चतम न्यायालय के मौजूदा फैसले का क्या, जिसमें एक निष्पक्ष आयोग की आवश्यकता की बात की गई है? प्रधानमंत्री को पक्षपाती चुनाव आयुक्त नियुक्त करने की आवश्यकता क्यों महसूस होती है?'' उन्होंने कहा, '' यह एक असंवैधानिक, मनमाना और अनुचित विधेयक है। हम हर मंच पर इसका विरोध करेंगे।'' सरकार मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल के विनियमन के लिए बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक विधेयक पेश करेगी। राज्यसभा की बृहस्पतिवार की संशोधित कार्यसूची के अनुसार विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल' मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023' पुररूस्थापित करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिसका मकसद मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाना है।



# एडीजी जोन ने राष्ट्र के धरोहरों के प्रति जन–जन में गौरव का भाव पैदा करने के लिए दिलाई शपथ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अंतर्गत आज से मेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अगस्त तक चलेगा, एडीजी जोन अखिल कुमार अपने कार्यालय के समस्त अधिकारियों व जवानों को अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलाई। कहा की आइए हम सब मिलकर हिस्सा बनकर, अपनी भूमि से जुड़ें, वीरों को श्रद्धांजलि दें और राष्ट्र के धरोहरों के प्रति जन–जन में गौरव का भाव पैदा करें जोन कार्यालय में समस्त पुलिसकर्मियों को अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलाई की "मैं शपथ लेता हॅ कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊँगा। मै शपथ लेता हूँ कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिये हर सम्भव प्रयास करूंगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिये हमेशा कार्य करता रहूँगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश की एकता और एकजुटता के लिये सदैव प्रयासरत रहूँगा। मै शपथ लेता हूँ कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। मै शपथ लेता हूँ कि देश के गौरव के लिये प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिये समर्पित रहूँगा।



# गहलोत ने मुफ्त स्मार्टफोन योजना शुरू की, पहले चरण में 40 लाख महिलाओं को मिलेंगे फोन


जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को यहां राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की औपचारिक शुरुआत की। इस योजना के पहले चरण में सरकार 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन देगी। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि हम जो वादे करते हैं वो निभाते हैं। यहां बिड़ला सभागार में गहलोत ने रिमोट दबाकर योजना का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कुछ लाभार्थियों को स्मार्टफोन भी प्रदान किए। हर परिवार तक मोबाइल फोन पहुंचाने की इच्छा व्यक्त करते हुए गहलोत ने कहा यह महिला सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम बनेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ये उनकी सरकार की बहुत बड़ी खूबी है कि वह जो वादे करती है, उन्हें वह निभाती है।



# केजरीवाल का पीएम मोदी पर निशाना

## बोले– भारतीय जनतंत्र को कमजोर करते जा रहे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल को विनियमित करने के लिए राज्यसभा में पेश करने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसी बहाने केंद्र की सरकार पर निशाना साधा है। अपने ट्वीट में केजरीवाल ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था – प्रधान मंत्री जी देश के सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते। उनका संदेश साफ है – जो सुप्रीम कोर्ट का आदेश उन्हें पसंद नहीं आएगा, वो संसद में कानून लाकर उसे पलट देंगे। यदि च्ड खुले आम सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते तो ये बेहद खघ्तरनाक स्थिति है। आप नेता ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक निष्पक्ष कमेटी बनायी थी जो निष्पक्ष चुनाव आयुक्तों का चयन करेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटकर मोदी जी ने ऐसी कमेटी बना दी जो उनके कंट्रोल में होगी और जिस से वो अपने मन पसंद व्यक्ति को चुनाव आयुक्त बना सकेंगे। इस से चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक निर्णयों से प्रधान मंत्री जी भारतीय जनतंत्र को कमजोर करते जा रहे हैं। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी द्वारा प्रस्तावित चुनाव आयुक्तों की चयन कमेटी में दो बीजेपी के सदस्य होंगे और एक कांग्रेस का। जाहिर है कि जो चुनाव आयुक्त चुने जायेंगे, वो बीजेपी के वफादार होंगे। विधेयक की सामग्री तुरंत उपलब्ध नहीं है।







# 'फ्लाइंग किस' विवाद पर महुआ मोइत्रा का स्मृति ईरानी पर वार, पूछा– आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं 'मैडम'

नई दिल्ली। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को कहा कि यह प्रस्ताव सदन में सफल होने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पर अविश्वास से अधिक, यह प्रस्ताव विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में विश्वास रखें के बारे में है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि मणिपुर की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में अलग है और मणिपुर में शघृणा अपराध, गृह युद्धश है। जब मणिपुर की स्थिति की तुलना अन्य राज्यों से किए जाने पर महुआ मोइत्रा ने इसे शझूठा प्रसारश कहा। इसका जवाब देते हुए सांसद ने कहा मुद्दा यह है कि मणिपुर में दो समुदाय गृहयुद्ध के माहौल में एक–दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। पिछले 3 महीनों में 6,500 एफआईआर? यह किस राज्य ने देखा है।"

महुआ मोइत्रा ने कहा कि "पीएम मोदी, अगर आप सुन रहे हैं३मैं मणिपुर के लोगों की ओर से आपसे विनती करती हूं। प्रशासन बदलें, सभी पक्षों को युद्धविराम के लिए काम करने दें। अन्यथा, आपका कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी, भारत एक स्वर में कहेगा कि मणिपुर में क्या गलत हुआ।" उन्होंने कहा कि भारत ने आप पर से भरोसा खो दिया है। महानतम लोकतंत्र के प्रधानमंत्री का नई संसद के कक्ष में बहुसंख्यक धार्मिक संतों के सामने झुकने का दृश्य हमें शर्म से भर देता है, चौंपियन पहलवानों के खिलाफ पुलिस की मारपीट और एफआईआर दर्ज करना हमें शर्म से भर देता है, भाजपा के 3 जिलों में 50 पंचायतें– शासित हरियाणा द्वारा मुस्लिम व्यापारियों को राज्य में प्रवेश करने से मना करने संबंधी पत्र जारी करना हमें शर्म से भर देता है।

स्मृति ईरानी पर तंज : महुआ मोइत्रा ने महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि महिला पहलवानों से छेड़छाड़ और उत्पीड़न मामले में आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद को लेकर उन्होंने (ईरानी) एक शब्द भी नहीं कहा और अब वह 'फ्लाइंग किस' की बात कर रही हैं। मोइत्रा का यह बयान लोकसभा में राहुल गांधी से जुड़े फ्लाइंग किस विवाद पर स्मृति ईरानी के बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सांसद को स्त्रियों से द्वेष रखने वाला व्यक्ति बताते हुए कहा था कि सदन में ऐसी घटना पहले कभी नहीं देखी। इस घटना को लेकर भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की थी और राहुल गांधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।



# पुलिस बूथ की जमीन पर दुकानदारो ने किया अवैध कब्जा

दैनिक बुद्ध का सन्देश
जोगिया,सिद्धार्थनगर।



जोगिया पुलिस बूथ की जमीन पर कब्जा जोगिया एनएच 233 निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था द्वारा तोड़े गए पुलिस बूथ की जमीन पर दुकानदारों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इससे आमजन को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया की पुलिस बुथ होने से लोगों को बहुत फायदा होता था लेकिन कोतवाली पुलिस इससे अनभिज्ञ है। क्षेत्र के उदयपुर कस्बे में दो माह पूर्व एनएच 233 के जिम्मेदारों द्वारा पुलिस बूथ से सटे नाली निर्माण किया था इससे से पुलिस बुथ को तोड़ा गया था स्थानीय लोगों यह पर पुलिस बुथ हो अतिआवश्यक है तत्कालीन कोतवाली प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि बहुत जल्द ही इस मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से काम चालू करवा दिया जाएगा पुलिस बूथ निर्माण कराने की बात पर सहमति बनी थी। पुलिस बूथ सड़क से सटे अतिक्रमण वालों को वहां से दुकान हटा लेने की हिदायत भी दिया था। लेकिन बीच में ही उनका गैर जनपद स्थानांतरण हो गया। तब से आज तक भवन नहीं बन सका। जिसका फायदा उठाते हुए अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों ने पुलिस बुथ सड़क के किनारे की जमीन सहित पुलिस बूथ की भी जमीन पर कब्जा कर लिया है स्थानीय लोगों राम, देवेंद्र, आदि ने कहा कि उक्त जमीन पर मॉडल पुलिस बूथ बनाए जाने की आवश्यकता है।

## पुलिस विभाग को लेकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा– ललित मिश्रा



एस डी एम नौगढ ललित मिश्रा ने बताया की इस को जल्द से देख कर पुलिस विभाग को लेकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा और वह पुलिस बुथ निर्माण कराया जाएगा की कानून व्यवस्था और अच्छा देखें आपको बताते चले की जब इस मामले को कई बार प्रशासन दुकान को हटाने गए तो दबंग दुकानदार अपनी दुकान को नहीं हटाया इस मामले में प्रशासन पूरी तरह से फेल हो जा रहे हैं।

# अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर कांग्रेसियों ने किया वीर सपूतों को नमन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर देश के स्वतन्त्रता सेनानियों की याद में



बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर वीर सपूत स्वतन्त्रता सेनानियों को नमन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू ने किया। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि 09 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस है यह दिन भारतीय स्वाधीनता संग्राम के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण दिन है। 1942 में महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोडो का नारा दिया था और भारतीय जनता से करो या मरो का आवाहन किया, जो हमारी आजादी के लिये मील का पत्थर साबित हुआ, इसकी शुरुआत 09 अगस्त 1942 से हुई थी। आज के दिन हम सब स्वतन्त्रता संग्राम के सभी वीर सपूतों को नमन करते हैं। पीसीसी सदस्य नादिर सलाम एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू एवं रंजना मिश्रा ने कहा कि 09 अगस्त देश की जनता की उस इच्छा की अभिव्यक्ति थी, जिसमें उसने यह ठान लिया था कि देश को आजादी चाहिए और हम आजादी लेकर रहेंगे। ऐसे में यह पर्व सभी भारतवासियों के लिये गौरवपूर्ण दिन है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता सादिक अहमद, अब्दुस्सलाम खन, मुकेश चौबे, पप्पू खान, दिवाकर त्रिपाठी, राकेश गौड़, सन्तोष चौधरी, अकबर अली, गुल मोहम्मद, वलीउल्लाह हाशमी, इश्तियाक चौधरी, गालिब बिसेन, पंकज चतुर्वेदी, दुर्गेश त्रिपाठी, शौकत अली, राजेश शास्त्री सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# 7 वर्ष बाद भी अधर में लटका आईटीआई कॉलेज

## अधर में लटक गयी बढ़नी ब्लॉक के मनिकौरा में करीब सवा 6 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली आईटीआई कालेज? विधायक में मंत्री से की शिकायत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर।



शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान विभाग के उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल से लखनऊ में भेंट कर शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में करीब सवा 6 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली आईटीआई कॉलेज के रुके निर्माण पर सवाल उठाया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के बढ़नी ब्लॉक के मनिकौरा में वर्ष 2016 में ही 6 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से बनने वाली राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य सी० एण्ड डी०एस० द्वारा शुरू कराया गया था, किन्तु 7–8 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक निर्माण पूरा नही हो पाया, जिससे क्षेत्रीय लोगों के मन मे प्रशिक्षित न होने से मायूसी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्मित होने वाले आई०टी०आई० कालेज को कार्यदायी संस्था किन कारणों से पूर्ण नही करा रही है, जो आज भी यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इन सवालों के जवाब के साथ कार्यदायी संस्था सी० एण्ड डी०एस०के गुणवत्ता के जाँच की मांग की है। मुलाकात के दौरान विभाग के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शोहरतगढ़ विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया है।

# साल भर से न्याय के लिए भटक रहा कैंसर पीड़ित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बलरामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार जहां आम जनता को हर संभव न्याय दिलाने का प्रयत्न कर रही तो वहीं दूसरी तरफ जिलों में बैठे जिले के वरिष्ठ अधिकारी जनता से सीधे मिलने और उनकी समस्याओं को सुनने में गुरेज करते हैं बताते चलें कि जनपद मुख्यालय का कैंसर पीड़ित एक दलित की जमीन पर एक दबंग द्वारा कब्जा कर लिया गया जिसको लेकर पीड़ित ने पक्की हदबरारी सीमांकन आदि करने के बाद ध्वस्तीकरण कार्यवाही के लिये साल भर से एसडीएम बलरामपुर व जिला अधिकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहा है बार–बार जिलाधिकारी से अपनी बात कहने के लिए जाता है पर जिलाधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी से ही मिलवाते हैं ऐसे अधिकारियों के मनमाने रवैया के कारण पीड़ित को न्याय के लिए माननीय उच्च



न्यायालय खंडपीठ लखनऊ डायरेक्शन लाने और उससे संबंधित निर्णीत आदेशों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है पीड़ित का कहना है कि उप जिला अधिकारी बलरामपुर राजेंद्र बहादुर विपक्षी के प्रभाव में हैं तथा उन्होंने कहा कि जब तक मैं हूं तुम्हारा काम नहीं होने दूंगा पीड़ित ने मामले को जिला अधिकारी तक पहुंचाने का काफी प्रयास किया पर जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्य कर रहे उनके चौंबर के अधिकारी मामले में लीपा पोती करते आ रहे पीड़ित ने कहा कि अधिकारी हमारे मरने का इंतजार कर रहे हैं जिससे दबंग आरा मशीन माफिया हमारे जमीनों पर आसानी से कब्जा कर सके पीड़ित राम लखन निवासी विशुनापुर ने कहा कि मेरे पास अहिंसक आंदोलन आत्मदाह के अलावा कोई विकल्प नहीं है अगर ऐसा हुआ तो उसकी समस्त जिम्मेदारी बलरामपुर के स्थानीय जिला प्रशासन की होगी।

# नशेड़ी भाई से तंग आकर पीड़ित ने डीएम–एसपी से की शिकायत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। नशेड़ी भाई से पीड़ित होकर पीड़ित से शोहरतगढ़ इंस्पेक्टर समेत डीएम एसपी और सीओ को पत्र लिख कार्यवाही की बात की है। जानकारी के मुताबिक शोहरतगढ़ कस्बा निवासी मोहम्मद अतीक खान ने अपने ही सगे भाई के बिरुद्ध उसके गलत आचरण और अन्य बातों को लेकर डीएम एसपी समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। उसने शिकायत पत्र में लिखा है कि उसके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। 3 बहनों में 1 बहन की शादी नही हुई है। शादी–शुदा छोटा भाई नशे की संगत में लिप्त है, जिससे पूरा परिवार सदमें में रहता है। उन्होंने यह भी लिखा कि यदि उसके भाई सलमान खान द्वारा किसी प्रकार की घटना की जाती है तो उसका जिम्मेदार वह खुद है, इसमें घर वालों को पार्टी न बनाया जाय। मना करने पर वह लड़ाई भी करने को तैयार हो जाता है... आदि बातें उन्होंने अपनी शिकायत पत्र में लिखी है। पीड़ित मोहम्मद अतीक खान से घटना की जानकारी देते हुए कार्यवाही की मांग के साथ पत्र जरिये डाक से भेजा है।

# ग्रामीण डाकसेवको ने दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका,सिद्धार्थनगर। गुरुवार को केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन



पर ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के सचिव चन्द्र प्रकाश दुबे अध्यक्ष सहदेव दुबे तथा नेशनल यूनियन के सचिव राधेश्याम यादव के नेतृत्व में मोहनदास करमचन्द गॉधी के आदर्शों और विचारों को अपने अपने आत्मा में समाहित करते हुए समस्त संघ के पदाधिकारी गण डाक अधीक्षक कार्यालय बस्ती मंडल उत्तर प्रदेश के समक्ष धरना तथा डाक अधीक्षक बस्ती को अपने मांगों को लेकर ज्ञापन दिए। संगठन की मांग है कि डाकसेवक अपनी मांगों को लेकर लामबद हुए है। नेतृत्व पर हम सभी को पूरा भरोसा है। इस अवसर पर ब्रह्मदेव यादव, अश्विनी कुमार शुक्ल आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका सफाई कर्मियों ने समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बलरामपुर। बलरामपुर नगर पालिका परिषद के सफाई



कर्मचारियों ने अपने समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी बलरामपुर को 48 घंटे का समय देकर दिया था उक्त समायावधि पूरा हो जाने के बाद भी मामले में कार्यवाही नहीं हो पाई के कारण सफाई कर्मी आंदोलन पर उत्तर आए जिसके कारण एक पाली की सफाई नगर में सफाई नहीं हो पाई 15 अगस्त की तैयारी भी प्रभावित हो रही है कर्मचारी नेताओं ने बताया की अगर हमारी मांग पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई नहीं हुआ तो हम अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

# सीडीओ ने फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कर किया एमडीए अभियान का शुभारंभ

## .राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से शुरू हुआ अभियान, सीएमओ, एसीएमओ के साथ कॉलेज की अध्यापिकाओं और छात्राओं ने किया दवा का सेवन





दैनिक बुद्ध का संदेश
गोंडा। बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करते हुए सीडीओ ने जिलावासियों से 10 से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आशा कार्यकर्ता के सामने ही दवा का सेवन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला के सभी ब्लॉकों में व्यापक स्तर पर मास ड्रग एडमिनिट्रेशन (एमडीए) अभियान चलाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने कहा कि गोंडा जिले से ही नहीं, बल्कि देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में जिले की लगभग 40.14 लाख लक्षित लाभार्थियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए 3212 टीम के माध्यम से बूथ लगा कर एवं घर–घर जाकर इन दवाओं का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। दवाओं का वितरण बिल्कुल भी नहीं किया जायेगा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ सीके वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी का कोई इलाज नहीं है। साल में एक बार और लगातार पांच साल तक फाइलेरिया रोधी दवा खाकर ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। एमडीए अभियान में डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती, एक माह के बच्चे वाली प्रसूता और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। इस अभियान में एक से दो साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की भी दवा खिलाई जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी एसजेडए ज़ैदी ने बताया कि टीमों द्वारा घर घर दवा खिलाने के साथ ही सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों में भी बूथ लगा कर दवा सेवन करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं, तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं। ऐसे लक्षण इन दवाओं के सेवन के उपरांत शरीर के भीतर मौजूद परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हैं परंतु ऐसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी को उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० आदित्य वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जय गोविन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक, फाइलेरिया निरीक्षक सत्य प्रकाश मौर्य, मलेरिया निरीक्षक सुनील चौधरी, भवानी प्रसाद तिवारी सहित डब्ल्यूएचओ, पाथ एवं पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि, कॉलेज की प्रधानाचार्या, अध्यापिकाएं एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने दवाओं का सेवन किया।

# बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में “मेरी माटी मेरा देश“ के अन्तर्गत तिरंगा याला निकाला गयी

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बस्ती। प्रारंभ हो रहें आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर





जनपद के बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने बताया कि विद्यालय की प्रांगण में “मेरी माटी मेरा देश” के अन्तर्गत प्रभात फेरी एवं राष्ट्रीय गीत “विजयी विश्व तिरंगा प्यारा” गीत के साथ छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गयी। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका अंजुम परवीन, शबाना अंजुम, अल्का पाण्डेय, रीता देवी, हुमा, खालिदा परवीन, नुसरत फातिमा, संगीता, प्रेम लता, सावित्री उपाध्याय, शाइस्ता परवीन, अल्सबा आदि अध्यापिकाओं और छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# मेरी माटी, मेरा देश, घर–घर तिरंगा अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम के



द्वारा पारित आदेश एवं उत्तर प्रदेश शासन के आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश और घर–घर तिरंगा यात्रा के वृहद कार्यकम में गुरुवार को ग्रामसभा औदहीं कलां में स्थित नेहरू इण्टर कालेज और प्राथमिक विद्यालय औदहीं कला प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में छात्र और छात्राओं के साथ ग्राम में प्रभात फेरी और तिंरगा यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यकम खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद के निर्देशन में किया गया। जिसमें नेहरू इण्टर कालेज के प्रिंसिपल इरशाद अहमद, प्राथमिक विद्यालय औदहीं कला प्रथम के प्रधानाध्यापक जलाल अख्तर, शिक्षक संकुल शिव सागर यादव, श्रवण कुमार तिवारी, कुशल कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, दिलीप और समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। गुरुवार से 15 अगस्त तक प्रति दिन आजादी से जुड़े कार्यकम का अयोजन होगा। जिसमें सभी की सहभागिता के लिये आवेदन किया गया। तिंरगा यात्रा नेहरू इण्टर कालेज से प्रारम्भ हुई और छोटकीं औदहीं कलां तक जाकर समाप्त हुआ। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने तिंरगा लेकर देश प्रेम के गगनचुंबी नारें लगायें गये।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करेगे। पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराने तथा सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय–समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से धनराशि प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलाये/बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि टीकाकरण कराने के पश्चात उसका फीडिंग समय से कराये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दवायें बाहर से न लिखे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सास–बहू सम्मेलन सभी विकास खण्डों में कराने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दवाये उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सी.एच.सी./पी.एच.सी. पर पीने के पानी की व्यवस्था होना चाहिए। दवाओ की सूची चस्पा कराये। शौचालय क्रियाशील हो जिससे आने वाले मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अति कुपोशित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बी0एल0ई0 के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाने का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। इस बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 ए0के0झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डी0के0चौधरी, मानबहादुर, अमित शर्मा, आर सी मनोज कुमार, डीएचसी सुरेन्द्र शुक्ला, प्रत्यूष दूबे, डा0 लक्ष्मी सिंह, समस्त एम0ओ0आईसी0, आदि उपस्थित थे।



# देश की मिट्टी हमें प्यारी है अपनी जान से: नियाज़ कपिलवस्तुवी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। अगस्त क्रांति एवं भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर साहित्य सुधा संस्था द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बुधवार की शाम होटल शुभम पैलेस में आयोजित काव्य गोष्ठी में जनपद के मशहूर कवियों एवं शायरों ने राष्ट्रप्रेम, एकता और भाईचारे को समर्पित रचनाएँ प्रस्तुत कर वतन पर मर कुर्बान होने वाले शहीदों को नमन किया. विजय .ष्ण नारायण सिंह का गीत मेरी माटी मेरा गाँव, पनघट संग पीपल की छांव बहुत सराहा गया. नियाज़ कपिलवस्तुवी ने अपनी पंक्तियों आ रही है यह सदा हर खेत से खलिहान से, देश की मिट्टी हमें प्यारी है अपनी जान से के माध्यम से अपनी माटी अपने देश के प्रति समर्पण का सशक्त पैगाम दिया। साहित्यकार नियाज़ कपिलवस्तुवी के संचालन एवं वरिष्ठ शायर एवं पत्रकार नज़ीर मलिक की अध्यक्षता में संपन्न काव्य गोष्ठी में .ष्ण कुमार मिश्रा, डाक्टर रवि श्रीवास्तव, सलमान आमिर, सुजीत कुमार जायसवाल, डाक्टर गोबिंद ओझा प्रेम, डाक्टर विनयकांत मिश्रा, दिलीप द्विवेदी, विजय .ष्ण नारायण सिंह, डाक्टर सीमा मिश्रा, किरनलता सिंह, शब्बीरी, प्रदीप वर्मा, शिवसागर सहर, डाक्टर अमित शर्मा, जयप्रकाश दुबे, अनिरुद्ध मौर्या एवं डाक्टर नरेंद्र पटेल आदि ने वीर रस, प्रेम एवं श्रृंगार रस तथा हास्य रस से ओतप्रोत रचनाओं से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर राकेश पाठक ने शहीदों की याद में आयोजित काव्य गोष्ठी के लिए साहित्य सुधा परिवार की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को राष्ट्रप्रेम की भावना के विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुनील मिश्रा, कर्मचारी नेता रामकरन गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार मिश्रा, साहित्य सुधा के उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, टीवी जर्नलिस्ट सद्दाम खान, परवेज़ खान, नेहा वरूण, शिक्षक एवं समाजसेवी कैलाशमणि त्रिपाठी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किया बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन के प्रकरण कम स्वीकृत होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि ने वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करें एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। फसलो की क्षतिपूर्ति का भुगतान किसानो को शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सी0डी0 रेसियों बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने केसीसी एवं फसल बीमा की प्रगति बढ़ाने का निर्देष दिया। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रैमास जून वित्तीय वर्ष 2023–24 की वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 4766.36 करोड़ के सापेक्ष रू0 774.01 करोड़ की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का 16.24 प्रतिशत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत त्रैमास जून 2023–24 में समूह का खाता खोलने का वार्षिक लक्ष्य 1083 के सापेक्ष पूर्ति 410 है एवं सीसीएल लक्ष्य 3909 के सापेक्ष 907 पत्रावलिया बैंक को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 809 समूहो को सी.सी.एल. स्वीकृत किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 106036 एवं नया 72234 कुल भौतिक लक्ष्य 178270 के सापेक्ष वित्तीय वर्श 2023–24 की प्रथम त्रैमास जून 2023 में बैंको द्वारा कुल 9534 केसीसी निर्गत किये गये है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की समाप्ति तक शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत एस.एल.बी.सी. लखनऊ से प्राप्त डाटा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रथम त्रैमास जून 2023 तक प्राप्त कुल आवेदन 6444 के सापेक्ष रू0 100.41 करोड़ स्वीकृत/वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत युनिवर्सल सोम्पो जनरल इश्योरेंस कम्पनी लि0 द्वारा फसल बीमा किया जा रहा है। खरीफ 2023 फसल हेतु कुल 46230 किसानो के बीमा हेतु रू0 3.84 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त हुआ है। रवी 2022 सीजन में बीमा कम्पनी द्वारा 1750 कृषकों को कुल रू. 40.20 लाख के सापेक्ष 11 किसानो के मध्य कुल रू0 5.48 लाख की धनराशि का भुगतान राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के तरफ से सब्सिडी प्राप्त होने के पष्चात कर दिया जायेगा। वित्तीय वर्श 2023–24 के प्रथम त्रैमास जून 2023 में जिले में ऋण जमा अनुपात 40.90 प्रतिषत है जो कि विगत वर्श 2022–23 (37.89 प्रतिषत) से 3.01 प्रतिषत अधिक है। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उपायुक्त उद्योग दयाषंकर सरोज, लीड बैंक अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक नौगढ़, समस्त बैंको के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# जोगिया उदयपुर शहर की शान, बदहाली से परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। जी जनाब, ये है जोगिया तिराहा के सैट



बैंक ऑफ इंडिया के बगल का है दर्जा तो वीआइपी का मगर बदहाली ने इसे बेरौनक कर दिया है। हल्की बरसात भी इसे बाढ़ग्रस्त इलाके का अनुभव करा देती है। ये वही जगह है जहां की दुकानों पर अक्सर, अफसर बठकी किया करते हैं। गंदगी और बारिश के पानी ने दुकानदारों को हलकान किया तो उन्होंने प्रशासन से टेर लगानी शुरू कर दी। काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार सफाई अभियान शुरू हो ही गया। अब उम्मीद है कि तिराहे की रौनक जल्द ही लौट आएगीं।

# सुपाराजा मे महिला की डुबने से मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। जोगिया क्षेत्र के सुपाराजा मे एक महिला की डुबने से मौत हो गई रीता उम्र 23 वर्ष पत्नी सनी देवल निवासी सुपाराजा मे आज सुबह शौच के लिए गई थी बांध के बगल में एक गढ़्ढे मे महिला का पैर फिसल जाने से गड्ढे में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गई वहां के लोगों ने जब तक देखा और मौके पर गए महिला को निकाला गड्ढे से तब तक उसकी मौत हो गई थी परिजनों ने बताया कि सुबह में वह सोच के लिए निकली थी उसके बाद गांव के बगल में ही बांध के पास एक गड्ढा है पैर फिसल जाने से गड्ढे में गिर गई और उसकी मौत हो गई थानाध्यक्ष जोगिया यशवंत सिंह ने बताया कि सुचाना मिलने पर हम अपने टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये तब स्थानीय लोगों शव निकल लिया था शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बरसात में पुल व सड़क पर जलजमाव से परेशानी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। बुधवार की रात हुई मूसलाधार बारिश से



कस्बा की सड़को वा पुल पार जलजमाव की समस्या हो गई है, जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। तेज बारिश से सबसे अधिक समस्या ब्लॉक रोड पार हुई। यहाँ बीआरसी कार्यालय से ब्लॉक कार्यालय तक सड़क जगह जगह टूट गई है। बड़े बड़े गड्ढे भी बने है। बरसात से पानी भर जाने से लोगो को आने जाने में काफी दिक्कत हुई। कई बाइक सवार गड्ढों में फसकर चोटिल भी हो गए। इसीतरह बरसात से कस्बा के कूड़ा नदी और बने नए बाईपास पुल पार भी जलजमाव होने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उसका नौगढ़ मार्ग पार पकड़ी चौराहे पर भी बरसात से जलजमाव की समस्या हो गई। सड़क और बरसात का पानी पसरा रहा।

# फर्जी मुक़दमे को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

## आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक अग्रहरि को ढेबरूआ थाना अध्यक्ष ने 307 जैसी गंभीर धाराएं लगाकर उन्हें फजह्र मुकदमे में फंसा दिया





दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील के एक प्रधान प्रतिनिधि पर फर्जी आरोप लगाकर मुकदमा लिखने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को एन०एच० 730 तुलसिया चौराहे के पास चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोक भी हुई। ग्रामीणों के चक्का जाम से घंटो तक आवागमन बाधित रहा और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस के आला अधिकारीयो के समझाने बुझाने और उनकी मांगों पर विचार कर उन्हें न्याय दिलाने के आश्वासन के बाद यह जाम समाप्त हुआ। सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अवदही कला गांव के ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार की दोपहर एन०एच० 730 को जाम कर दिया अवदहीकल के ग्रामीण इस बात से नाराज थे कि उनके गांव के ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अशोक अग्रहरि को ढेबरुआ थाना अध्यक्ष ने 307 जैसी गंभीर धाराएं लगाकर उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसा दिया है ग्रामीणों की मांग थी कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक अग्रहरि जो कि उस दिन घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। यह झूठा मुकदमा खत्म किया जाए साथ ही थाना इंचार्ज और उसके दो सिपाही गुर्गों को बर्खास्त किया जाए। एन०एच० 730 जाम करने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और शोहरतगढ़ तहसील पर मौजूद उप जिलाधिकारी और सीओ शोहरतगढ़ मौके पर पहुंचे इस बीच पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में सीओ शोहरतगढ़ के समझाने और इस आश्वासन के बाद की मामले की गहनता से छानबीन कर अगर ग्राम प्रतिनिधि को फर्जी फंसाया गया है तो उनसे मुकदमा हटाया जाएगा साथ ही ऐसा करने वालों पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी यह धरना समाप्त हुआ और सड़क पर आवागमन बाहर हो सका।

# धान के फसल में करे दवा का छिड़काव–एसडीओ विवेक दूबे



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। धान की फसल में रोग और कीट घास का संक्रमण किसानों के लिए समस्या बन गया एसडीओ विवेक दूबे ने बताया कि बताया की किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं धान के फसल में संकरी एवं चौड़ी पत्ते वाले खरपतवार दिखाई दे तो इसके लिए प्रेटिलाक्लोर 50 प्रतिशत ई सी अथवा एनिलोफास 30 प्रतिशत का छिड़काव करे। फसल में दीमक और जड़ की सूडी रोग लगता है इसके रोकथाम के लिए क्लोरोपाईरीफास 50 प्रतिशत ई सी के साथ छिड़काव करे धान की फसल में तना छेदक, पत्ती लपेट, जीवाणु झुलसा एवं जीवाणु रोग आदि आते है। एसडीओ विवेक दूबे ने किसान के प्रति एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी जानकारी साथ में किसानों से अपील भी की है कि किसान जब भी छिड़काव करे तो .षि सलाहकार से जानकारी लेने के बाद ही करे।

# विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर नगर विकास व ऊर्जा मंत्री से मिले भाजपा नेता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। लखनऊ में नगर विकास, ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से उसका नगर पंचायत के युवा भाजपा नेता व किसान मोर्चा के जिला मंत्री रामेश्वर पाण्डेय ने मिलकर उसका बाजार में बिजली के तार व खंभे विगत कई वर्षो से नहीं बदले जाने की शिकायत की एवं बारिश के दिनों में विद्युत बाधित होने के विषय में भी उनका ध्यानाकर्षण किया। श्री पाण्डेय ने अपने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से मंत्री से बताया कि तारों का जाल इस कदर दिखाई देता है जैसे मकड़ी का जाल। उन्होंने तारों को अंडरग्राउंड करने की मांग किया। ऊर्जा मंत्री ने पत्र का संज्ञान लेकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे।



# सासंद ने उठाया लोकसभा में जल जीवन मिशन योजना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी से सिद्धार्थनगर के सांसद जगदम्बिका पाल ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान जलशक्ति मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से जल जीवन मिशन पर प्रश्न पूछा। सांसद ने मंत्री से जल जीवन मिशन के तहत लगाये जा रहे पाइप और नल के रख–रखाव की जिम्मेदारी के मुद्दे पर सवाल पूछा, मन्त्री ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया और कहा कि मिशन निर्दिष्ट करता है कि जल बुनियादी ढांचे के अगले 10 वर्षों तक रख रखाव की जिम्मेदारी जल कनेक्शन स्थापित करने वाली कम्पनी की है। इसके अतिरिक्त सासंद ने मन्त्री से पानी का कनेक्शन स्थापित करने वाली कंपनियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को अनुचित तरीके से बंद करने के मुद्दे पर भी सवाल पूछा, जिसके परिणाम स्वरूप आम जनता को दिन–प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने इस तथ्य का संज्ञान लिया और कहा कि चूंकि पानी राज्य विषय होने के नाते राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है, इसलिए योजना की जिम्मेदारी अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग है। हालांकि मन्त्री ने कहा कि अगर सासंद उन्हें ऐसे किसी मुद्दे पर अवगत कराते हैं तो मन्त्री उस मुद्दे को राज्य सरकार के समक्ष उठाएंगे।मंत्री ने उत्तर प्रदेश में योजना की सफलता के बारे में विस्तार से बताया। मंत्री ने राज्य सरकार को श्रेय देते हुये कहा कि मिशन के अस्तित्व में आने से पहले, उत्तर प्रदेश में केवल 1% घरों में पानी का कनेक्शन था जो अब 54% है जो योजना की सफलता को दर्शाता है।




# रेलवे गार्टर पर जलजमाव से राहगीर परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। उसका नगर क्षेत्र में ब्रिटिश जमाने के बने रेलवे पुल पर जलजमाव एवम कीचड़ के कारण इन दिनो आवागमन में लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के इस पुल से दो पहिया से एवम पैदल लोग आते जाते है। कूड़ा नदी के पूरब एवम पश्चिमी हिस्से के ज्यादा लोग इस पुल से आते जाते है। 3 माह पूर्व जिला अधिकारी के निर्देश पर जनहित को ध्यान में रखते हुए मरम्मत का कार्य शुरू हुआ था। पुल के दोनो तरफ 9 इंच चौड़ी डेढ़ फीट के लगभग दीवार खड़ा कर दिया गया। उसके बाद काम छोड़ दिया गया। अब जब बरसात हो रहा है तो जल निकासी के अभाव में पानी इकट्ठा हो जा रहा है। पैदल जाने आने वालो को कीचड़ में से होकर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र मरम्मत कराने की मांग किया है।

## सम्पादकीय

**यह दो सालों में करीब 38 प्रतिशत की उछाल है। इन आंकड़ों में बीएसएफ, सीएआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और असम राइफल्स शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 2018 से 2022 के बीच सभी अर्धसैनिक बलों में 658 कर्मियों ने आत्म हत्या कर ली। ऐसी घटनाएं वर्षों से जारी हैं। प्रश्न यह है कि...**

# दिमागी सेहत क्यों खराब?



केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2018 से 2022 के बीच सभी अर्धसैनिक बलों में 658 कर्मियों ने आत्म हत्या कर ली। ऐसी घटनाएं वर्षों से जारी हैं। प्रश्न यह है कि इनका कोई स्थायी समाधान क्यों नहीं ढूंढा गया है? एक ट्रेन में चार लोगों को मार देने के बाद यह दावा सामने आया कि आरोपी रेलवे पुलिसकर्म चेतन सिंह मानसिक रूप से बीमार है। हालांकि इस दावे को स्वीकार ना करने के कई ठोस तर्क हैं, इसके बावजूद संकेत हैं कि बचाव पक्ष इस दलील को लेकर आगे बढ़ेगा। चेतन सिंह के खिलाफ जाने वाला सबसे मजबूत साक्ष्य रेल मंत्रालय का दो अगस्त का बयान है, जिसमें कहा गया था कि आरोपी निजी स्तर पर अपना इलाज करवा रहा था, यह सूचना किसी आधिकारिक रिकॉर्ड में कहीं दर्ज नहीं है। लेकिन मंत्रालय ने कुछ ही घंटों के अंदर इस बयान को वापस ले लिया और कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है, जो इस घटना से जुड़े सभी पहलुओं को देखेगी। रुख का इस तरह बदलना विवादास्पद है। बहरहाल, मंत्रालय के इस रुख ने भारत में सुरक्षाकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और उसको लेकर इन बलों के प्रशासन के रुख को लेकर एक तीखी बहस छेड़ दी है। सवाल उठा है कि क्या इन बलों का प्रशासन ऐसे मामलों को छिपाता है और क्या उसके पास अपने जवानों के दिमागी इलाज का कोई तंत्र नहीं है? यह तो एक तथ्य है सुरक्षाकर्मियों का एक बड़ा हिस्सा मानसिक तनाव के बीच काम कर रहा है। खुद केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। राज्य सभा में मंत्रालय ने बताया है कि 2020 में सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में 3,584 कर्मियों का मानसिक इलाज चल रहा था, लेकिन 2022 में यह संख्या बढ़ कर 4,940 हो गई थी। यह दो सालों में करीब 38 प्रतिशत की उछाल है। इन आंकड़ों में बीएसएफ, सीएआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और असम राइफल्स शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 2018 से 2022 के बीच सभी अर्धसैनिक बलों में 658 कर्मियों ने आत्म हत्या कर ली। ऐसी घटनाएं वर्षों से जारी हैं। प्रश्न यह है कि इनका कोई स्थायी समाधान क्यों नहीं ढूंढा गया है? चेतन सिंह के सवाल पर मुमकिन है कि सरकार को कठघरे में खड़ा ना किया जाए, लेकिन इस बड़े मुद्दे पर उसके पास आखिर अपना क्या बचाव है?

# त्रयंबकेश्वर महादेव के दर्शन से मिट जाता है पूरा पाप

जिस कार्य के संपादन से जन सामान्य का व्यापक रूप से हित होता है और संबंधित को आत्मिक और आध्यात्मिक तुष्टि मिलती है वह पुण्य है जबकि परपीड़ा वाला प्रत्येक कर्म, दुष्कर्म और पाप की श्रेणी में परिगणित होता है। जाने अनजाने प्रत्येक व्यक्ति से कभी न कभी पाप हो ही जाता है। किंतु यदि आप पाप से निवृत्त होना चाहते हैं; आप सामर्थ्यवान हैं तो आपको त्रयंबकेश्वर महादेव का दर्शन कर ही लेना चाहिए। भगवान शिव सम्पूर्ण विश्व के कण कण में विराजमान हैं। शिव राष्ट्र की एकता के धार्मिक और आध्यात्मिक प्रेरणा स्रोत हैं। शिवलिंग से एक दिव्य ज्योति का आभास होता है जिससे हम सभी ऊर्जस्वित होते हैं। त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर हिन्दुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। यह मंदिर पूर्णतः भगवान शिव के दर्शनार्थ समर्पित है। साथ ही यह मंदिर महाराष्ट्र के त्रयंबक गाँव में स्थित है। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक त्रयंबकेश्वर महादेव को आठवां ज्योतिर्लिंग माना जाता है। यह मंदिर पवित्र गोदावरी नदी के निकट है। सनातन धर्म में ज्योतिर्लिंगों का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिर्लिंग का अर्थ ज्योति के लिंग से है। जो भगवान शिव की दिव्य ज्योति को प्रतिष्ठित करता है। इस दिव्य ज्योति से हम सभी पवित्रता की अनुभूति करते हैं। पवित्र श्रावण मास में हर हर महादेव है।



**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# संसद में भारत माता की तलाश

**दूसरी तरफ मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न रोकने में मिली विफलता के आधार पर ही लोकसभा में मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हुई जो गुरुवार तक जारी रहेगी और उसका समापन प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के साथ होगा। देखना तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अलावा मोदी मणिपुर की जनता को न्याय दिलाने के लिये किन उपायों की घोषणा करते हैंय या ऐसा तो नहीं कि...**

यह वाकई दुखद है कि आजादी के बहुप्रचारित अमृत काल को पार करने के बाद भी देश और नागरिकों की सर्वोच्च प्रतिनिधि कही जाने वाली संसद असली श्भारत माताश को नहीं जानती। उत्तर–पूर्वी राज्य मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई बहस से तो ऐसा ही महसूस होता है कि अब भी हमारे अधिकतर जन प्रतिनिधि इस बात से पूर्णतरू अनभिज्ञ हैं कि आखिर भारत माता कौन है। यह सवाल तब उठा जिस समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में श्भारत माता की हत्या हुई है।श मोदी और उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर बेबाकी से प्रश्न उठाने वाले राहुल मोदी सरकार और पूरी भारतीय जनता पार्टी की स्वाभाविकतरू आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। मोदी सरनेम पर कर्नाटक की एक चुनावी टिप्पणी को लेकर उन पर दर्ज मुकदमे पर सुनाई सजा के कारण मार्च में उनकी सांसदी निलम्बित हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगा देने के बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गयी थी। फलतरू वे सोमवार से फिर लोकसभा में अपनी सीट पर नजर आये। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर तीन दिवसीय बहस जारी है। अनुमानों के विपरीत राहुल ने प्रस्ताव पर पहले दिन यानी मंगलवार को न बोलकर अपना वक्तव्य बुधवार को दिया। अपेक्षा के मुताबिक उन्होंने वहीं से अपने भाषण की शुरुआत की जहां उन्होंने पिछली बार छोड़ा थाय यानी गौतम अदानी को लेकर। उन्होंने उसमें मणिपुर को भी जोड़ा जो चर्चा का केन्द्रीय विषय है। साथ ही हरियाणा की हिंसा की बात भी छेड़ते हुए आरोप लगाया कि श्आप पूरे देश को जलाने में लगे हो।श शीर्ष अदालत में जीत दर्ज कराने और खोया शासकीय आवास फिर से पा लेने का विजयी भाव तो उनकी मुद्रा और व्यवहार में नजर नहीं आया परन्तु भाजपा की खीझ और अपराध भाव के दर्शन चर्चा के पहले दिन ही होने लग गये थे। बहस को असम के सांसद गौरव गोगोई की ओर से शानदार शुरुआत मिलने से और भी परेशान भाजपा की झुंझलाहट निशिकांत दुबे के बयान में देखने को मिली जब उन्होंने व्यक्तिगत छींटाकशी करते हुए कहा कि श्सोनिया गांधी यहां बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने के लिये बैठी हैं।श इस घटिया टिप्पणी को शालीनता से दरकिनार करने वाली राहुल की मां का उल्लेख बुधवार को फिर से हुआ जब राहुल ने मणिपुर की भयावह स्थिति का वर्णन करते हुए इस बात का जिक्र किया कि श्मोदी उस हिंसाग्रस्त राज्य में नहीं गये क्योंकि वे मणिपुर को भारत का हिस्सा ही नहीं मानते।श भाजपा सरकार द्वारा वहां अपनाई गयी विभाजनकारी नीति की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि श्एक मेरी मां यहां बैठी हैं और दूसरी मां मणिपुर है जिसकी आप ने हत्या की है।श उन्होंने अपने भाषण में रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी जोड़ा कि श्जैसे रावण केवल कुम्भकर्ण और मेघनाद की ही बात मानता था, वैसे ही मोदी केवल अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) और अदानी की बात मानते हैं।श राहुल ने मोदी पर भारत माता की हत्या का आरोप लगाया, जो सांकेतिक अर्थ में था। अमेठी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उनकी प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ने मौके को लपकते हुए इसे अपने भाषण का मुद्दा बना दिया। उन्होंने कहा कि श्जब राहुल कह रहे थे कि भारत माता की हत्या की जा रही है तो कांग्रेसी तालियां पीट रहे थे।श सवाल यह है कि राहुल गांधी के लिये आखिर भारत माता कौन है और स्मृति ईरानी किसे भारत माता मानती हैं। राहुल के परनाना व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अहमदनगर जेल में लिखी अपनी प्रसिद्ध किताब श्हिन्दुस्तान की कहानीश में बतलाया है कि श्कभी ऐसा भी होता है कि मैं किसी जलसे में पहुंचता हूं तो मेरा स्वागत श्भारत माता की जय!श के साथ होता है। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता हूं कि इस नारे का मतलब क्या है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं?श आगे नेहरू लिखते हैं कि श्जब उन्हें जवाब नहीं सूझता तो मैं ही उन्हें बताता हूं कि हिन्दुस्तान की नदी, पहाड़, जंगल, खेत जो हमें अन्न देते हैं वे सारे हमें अजीज हैं लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिन्दुस्तान के लोग। उनके और मेरे जैसे लोग जो इस सारे देश में फैले हुए हैं। भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और श्भारत माता की जय!श से मतलब हुआ इन लोगों की जय। मैं उन लोगों से कहता हूं कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो।श असली मतांतर यही है कि राहुल लोगों में ही भारत माता को देखते हैं जबकि स्मृति ईरानी जिस विचारधारा की नुमाइंदगी करती हैं वह भारत माता को एक दैवीय स्वरूप में परिकल्पित कर जनता के भौतिक दायित्वों से मुक्त हो जाती हैं। जनता जनार्दन में भारत माता को देखने का अर्थ है उसकी जरूरतों को समझते हुए उसकी तरक्की व खुशहाली के प्रति दायित्वबोध और उसके सुख–दुख में शामिल होना। भारत माता को ईश्वरीय रूप देने का उद्देश्य उसके नाम से लोगों का भावनात्मक दोहन कर उसका सियासी लाभ लेना है। भारत में जारी विचारधाराओं के बीच जारी मौजूदा संघर्ष का यह महीन पहलू है जिसे स्मृति ईरानी को नहीं जनता को समझना होगा।

**सो, कायदे से कांग्रेस को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। यानी गठबंधन के बाकी नेताओं की तरह ही राहुल गांधी भी सामूहिक नेतृत्व में काम करें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और दूसरे विपक्षी नेताओं को पर्याप्त महत्व व सम्मान मिले। यह ध्यान रखने की बात है कि श्इंडियाश से जितने भी नेता जुड़े हैं उनका अपने राज्य में बहुत मजबूत असर है और उनमें से ज्यादातर नेताओं ने अपने राज्य में ....**

# अब फिर राहुल की राजनीति होगी

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में दो साल की सजा होने और लोकसभा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनको लेकर दो तरह से विचार किया जा रहा था। एक, अगर उनकी सजा पर रोक नहीं लगती है और वे अगला चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो क्या होगा? दो, सजा पर रोक लग जाती है, लोकसभा की सदस्यता बहाल हो जाती है और अगला चुनाव लडने का रास्ता साफ हो जाता है तब क्या होगा? कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के कई नेता मान रहे थे कि अगर राहुल की सजा बरकरार रहती है और वे चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो वह स्थिति ज्यादा बेहतर होगी क्योंकि तब राहुल को पूरे देश में विक्टिम की तरह पेश किया जा सकेगा, जैसे अरविंद केजरीवाल बात बात पर खुद को विक्टिम बना कर पेश करते रहते हैं। ध्यान रहे पीडिध्त और कमजोर के साथ हमेशा इस देश के लोगों की सहानुभूति होती है। राहुल ने भी खुद को विक्टिम की तरह पेश करना शुरू कर दिया था। वे पिछले दिनों हरियाणा के किसानों से मिले तो महिला किसानों ने उनका घर देखने की इच्छा जताई, जिस पर उन्होंने कहा कि उनके पास दिल्ली में घर नहीं है। सरकार ने उनका घर छीन लिया है। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में घर तलाशने और संदीप दीक्षित का घर किराए पर लेने की खबर भी राहुल को विक्टिम बता कर पेश करने की रणनीति का ही एक हिस्सा था। बहरहाल, घर का मामला एक छोटा मामला है। उनके विक्टिम होने को बहुत बड़ा बता कर चुनाव में पेश किया जा सकता था। सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप तो लगते ही यह भी आरोप लगता कि नरेंद्र मोदी चुनाव में राहुल गांधी से घबरा रहे थे इसलिए उनको लडने के अयोग्य कराया गया। इससे कांग्रेस को फायदा होता। विपक्षी राजनीति को दूसरा फायदा यह होता कि राहुल गांधी अपने आप प्रधानमंत्री पद की होड़ से बाहर हो जाते। वे अगर विपक्ष का चेहरा रहते भी तो वह चेहरा सत्ता से निर्लिप्त जयप्रकाश नारायण जैसे किसी नेता का चेहरा होता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी है और अब उनके लोकसभा का चुनाव लडने का रास्ता भी साफ हो गया है। उनको फिर से बड़ा घर भी मिल जाएगा। सो, विक्टिम कार्ड समाप्त हो गया। तभी सवाल है कि अब आगे क्या? क्या कांग्रेस ने इस स्थिति के लिए कोई योजना बनाई है कि सजा पर रोक लगने के बाद राहुल को विपक्ष की राजनीति में किस तरह से प्लेस करना है? ध्यान रहे राहुल गांधी को सक्रिय राजनीति में 20 साल होने जा रहे हैं लेकिन पिछले एक साल में वे एक बड़ा राजनीतिक व्यक्तित्व बन कर उभरे हैं। उनकी साढ़े तीन हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा ने उनके व्यक्तित्व और उनकी राजनीति को निखारा है। कांग्रेस को इसका चुनावी लाभ भी मिला है। भारत जोड़ो यात्रा में उठाए गए मुद्दों और उन मुद्दों पर दुनिया के दूसरे देशों में जाकर राहुल ने अपनी जो राय रखी है उसने उनको भाजपा की राजनीति के सबसे मजबूत विकल्प के तौर पर पेश किया है। विपक्ष की ओर से भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति करने और संघवाद की धारणा पर चोट करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं। भाजपा की इस राजनीति के कंट्रास्ट के रूप में राहुल गांधी उभरे हैं। नफरत की राजनीति के बरक्स मोहब्बत की दुकान की राहुल की राजनीति स्वाभाविक रूप से उनको भाजपा के खिलाफ विपक्ष का चेहरा बनाती है। परंतु इस राजनीति में जोखिम भी हैं। पहला जोखिम तो यह है कि अगर कांग्रेस राहुल गांधी को वैकल्पिक राजनीति का चेहरा बनाती है तो मुकाबला नरेंद्र मोदी बनाम राहुल का बनेगा। पिछले नौ–दस साल में नरेंद्र मोदी की छवि विश्वगुरू वाली बनाई गई है। जी–20 देशों की बैठक से उनकी यह छवि और मजबूत होगी। वे हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति का चेहरा बने हैं। उनको मजबूत व निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक माना जाता है। वे पिछड़ी जाति से आते हैं और परिवार की पृष्ठभूमि गरीब रही है। इस बात का प्रचार करने में उनको कोई हिचक नहीं होती है। उनके मुकाबले राहुल गांधी की छवि अभिजात्य है। उनको भाजपा के नेता फोर जी यानी चौथी पीढ़ी का परिवारवादी नेता बताते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा के बाद उनको पप्पू की तरह पेश किया जाना बंद हुआ है इसके बावजूद एक रिलक्टेंट नेता की उनकी छवि पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। सो, अभी के समय में मुकाबले दीये और तूफान का दिखेगा। हालांकि फिर वही बात है कि भारत में अंडरडॉग के साथ सहानुभूति होती है और दीया जलाए रखने वाला अंततरू जीत हासिल करता है। लेकिन वह बाद की बात है। अभी नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल की बात होगी तो पलड़ा मोदी की ओर झुका हुआ दिखेगा। राहुल को राजनीति की केंद्रीय ताकत बनाने में दूसरा जोखिम यह है कि विपक्षी पार्टियों के बीच तनाव बढ़ सकता है। ध्यान रहे विपक्ष के गठबंधन श्इंडियाश्य से जुड़ी कई पार्टियों के नेता अपने को दावेदार मानते हैं। कई नेता बुजुर्ग हैं और उनके लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का यह आखिरी मौका दिख रहा है। सो, उनको राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए समझाना आसान नहीं होगा। ध्यान रहे पिछले दिनों महाराष्ट्र में एनसीपी टूटी तो यह कहा गया है कि एनसीपी के कई नेता नहीं चाहते थे कि शरद पवार जैसा बड़ा मराठा नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में काम करे। हो सकता है कि इस बात में सचाई न हो लेकिन यह तब की बात है, जब राहुल की सजा कायम थी और उनके नेता बनने की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही थी। अगर अब कांग्रेस उनको नेता बनाने की पहल करती है तो उससे निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के साथ टकराव की स्थिति बनेगी। अपनी निजी महत्वाकांक्षा के अलावा विपक्ष के ज्यादातर नेता इस बात को मानते हैं कि राहुल के चेहरे पर मोदी से मुकाबला मुश्किल होगा। सो, कायदे से कांग्रेस को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। यानी गठबंधन के बाकी नेताओं की तरह ही राहुल गांधी भी सामूहिक नेतृत्व में काम करें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और दूसरे विपक्षी नेताओं को पर्याप्त महत्व व सम्मान मिले। यह ध्यान रखने की बात है कि श्इंडियाश्य से जितने भी नेता जुड़े हैं उनका अपने राज्य में बहुत मजबूत असर है और उनमें से ज्यादातर नेताओं ने अपने राज्य में नरेंद्र मोदी के होने के बावजूद भाजपा को हराया है।



# वर्ल्ड कप 2023 से पहले बड़ा नुकसान, ईडन गार्डन्स में आग लगने से ड्रेसिंग रूम का सामान जलकर हुआ खाक



आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज होने में दो महीने से भी कम का समय रह गया है। लेकिन उससे पहले ही परेशान करने वाली बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बुधवार रात आग लग गई। जिसमें ड्रेसिंग रूप में रखा अहम सामान जल गया।

बता दें कि, वर्ल्ड कप को लेकर यहां तैयारियां की जा रही थी। वहीं इस स्टेडियम में कुल पांच मुकाबले खेले जाने हैं जिनमें एक सेमीफाइनल भी शामिल है। वर्ल्ड कप से पहले ही इस घटना ने बीसीसीआई और आईसीसी की चिंता बढ़ा दी है।

बीसीसीआई वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है। जहां आईसीसी और भारतीय बोर्ड टूर्नामेंट से जुड़े सभी वेन्यू का निरीक्षण कर रही है। जिनमें सुरक्षा संबंधी व्यवस्था भी परखी जा रही है। लेकिन इसी बीच क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल ने बीसीसीआई की चिंताओं को बढ़ाया है। ऐतिहासिक स्टेडियम में आग लगना काफी नुकसान पूर्ण है। ये आग ड्रेसिंग रूम में लगी, जहां मौजूद क्रिकेटरों का यादगार सामान जलकर खाक हो गया। जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

ईडन गार्डन्स में आईसीसी वर्ल्ड कप के पांच मुकाबले खेले जाने हैं। जिसमें 16 नवंबर को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल मैच भी शामिल है। ऐसे में अगर भारत और पाकिस्तान नॉकआउट तक का सफर पार कर पाते हैं तो दोनों टीमें यहां सेमीफाइनल में भिड़ सकती हैं।

# इंग्लैंड में पृथ्वी शॉ का तूफान जारी, 129 गेंदों में जड़ा दोहरा शतक, इस मामले में बने पहले भारतीय बल्लेबाज



भारतीय युवा ओपनर पृथ्वी शॉ इन दिनों इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। जहां उन्होंने रॉयल लंदन वनडे कप टूर्नामेंट में शानदार दोहरा शतक जड़कर कई नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। दरअसल, भारतीय टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ बुधवार को नॉर्थम्प्टनशायर के लिए खेलते हुए सॉमरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की तूफानी पारी खेली, जोकि लिस्ट एक क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर है। जिसके बाद पृथ्वी शॉ चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा जैसे बल्लेबाजों की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए।

रॉयल लंदन कप के ग्रुप–बी के मैच में पृथ्वी शॉ ने सॉमरसेट के खिलाफ कांउटी ग्राउंड में 11 छक्कों और 28 चौकों की मदद से 153 रन की जोरदार पारी खेली। शॉ की पारी की बदौलत पहले खेलते हुए नॉर्थम्प्टनशायर ने पहले 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 415 रन बनाए। इसके बाद शॉ ने अपना शतक महज 81 गेंदों में ठोक दिया। उन्होंने अपने 150 रन 103 गेंदों और अपना दोहरा शतक 129 गेंदों में पूरा किया।

वहीं शॉ रॉयल लंदन कप में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। पृथ्वी शॉ दो टीमों मुंबई और नॉर्थम्प्टनशायर के लिए लिस्ट ए दोहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। कुल मिलाकर उनका लिस्ट एक क्रिकेट के इतिहास में किसी भी बल्लेबाज का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

बता दें कि, लंदन कप में डबल सेंचुरी बनाने के साथ पृथ्वी लिस्ट एक क्रिकेट में दो डबल सेंचुरी बनाने वाले रोहित शर्मा के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं भारत के लिए शॉ ने अपना आखिरी मुकाबला जुलाई 2021 में खेला था। इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें वेस्टइंडीज के दौरे की टीम में नहीं चुना गया था।

# एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीत सकती है भारतीय महिला टीम : राजेश्वरी गायकवाड़

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी राजेश्वरी गायकवाड़ को लगता है कि राष्ट्रमंडल खेलों में गोल्ड मेडल से चूकने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करेगी।

दरअसल, पिछले साल भारतीय टीम बर्मिंघम में महिला क्रिकेट ने राष्ट्रमंडल खेलों में डेब्यू किया था। जिसमें टीम गोल्ड जीतने से चूक गयी थी। उसे फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी। वहीं हाल के वर्षों में टीम को बड़े टूर्नामेंट के तीन फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर सीधे एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

इस दौरान बायें हाथ की स्पिनर गायकवाड़ ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि, निश्चित रूप से हम एशियाई खेलों में गोल्ड जीतेंगे। उन्होंने कहा, ''हम सभी बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ खेल चुके हैं, लेकिन हम उसके बारे में सोचते नहीं रह सकते, हमें अपनी टीम पर भरोसा है, हम गोल्ड जीत सकते हैं।''

बता दें कि, राजेश्वरी गायकवाड़ भारत के पिछले दौरे (बांग्लादेश के खिलाफ) पर टीम का हिस्सा नहीं थीं। जिसमें टीम ने टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज 2–1 से जीती जबकि वनडे सीरीज में 1–1 से बराबर रहीं। गायकवाड़ ने कहा, ''मैं बांग्लादेश दौरे के दौरान रिहैबिलिटेशन में थी और आराम कर रही थी। ऐसा नहीं था कि मुझे टीम से बाहर किया गया था।''





भारत के लिए दो टेस्ट, 64 वनडे और 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी स्पिनर इस समय महिला प्रीमियर लीग की टीम यूपी वारियर्स के भारतीय खिलाड़ियों के लिये लगे सत्र से इतर के शिविर में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, ''हमने शिविर में काफी अच्छा काम किया है। हमें किसी विशेष विभाग पर काम करने की जरूरत नहीं है लेकिन उन विभागों में सुधार कर सकते हैं जिसमें हम बेहतर कर सकते थे और हमारा ध्यान सिर्फ इसी पर लगा है।''

गायकवाड़ ने कहा, ''हमारा ध्यान सभी विभागों में सुधार करने पर है, जिसमें फील्डिंग, बल्लेबाजी और गेंदबाजी शामिल है। विशेषकर बल्लेबाजों ने अपने स्ट्रोक्स पर काम करने की कोशिश की है।

# चीन ने ताइवान की ओर नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान भेजे

ताइपे। चीन ने ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए रखने के लिये



अपने नौसेना पोतों के साथ–साथ लड़ाकू विमानों का एक बड़ा बेड़ा द्वीपीय देश की ओर भेजा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चीन स्व–शासित ताइवान को लगातार अपना क्षेत्र होने का दावा करता है तथा यहां की राजनीतिक गतिविधियों के जवाब में अक्सर ताइवान की ओर विमानों को भेजता रहता है। चीन ने बीते वर्ष द्वीप के पास नौसेना के पोत और ड्रोन भी भेजे हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने बुधवार सुबह छह बजे से बृहस्पतिवार सुबह छह बजे के बीच 33 युद्धक विमान और नौसेना के छह जहाज भेजे। उन्होंने बताया कि जे–10 और जे–16 जैसे लड़ाकू विमानों ने ताइवान के दक्षिण–पश्चिम में उड़ानें भरीं। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि ताइवान की सेना ने चीन केपांच पोतों को ''ट्रैक'' किया। चीन के बढ़ते सैन्य दबाव को देखते हुए ताइवान अपनी रक्षा को मजबूत करने के लिये हथियार और लड़ाकू विमान खरीद रहा है। पिछले महीने अमेरिका ने ताइवान के लिये 34.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के एक बिक्री पैकेज की घोषणा की जिसमें विभिन्न युद्धक साजोसामान शामिल होंगे।

# अमेरिका के कहने पर गिरी थी इमरान की सरकार? रूस–यूक्रेन युद्ध पर नीति वाशिंगटन को नहीं आई थी रास

पाकिस्तान से सत्ताबदर किए गए नियाजी इमरान खान को



लेकर अमेरिकी मीडिया की तरफ से एक बड़ा दावा किया गया है। अमेरिकी मीडिया कुछ पाकिस्तानी दस्तावेजों के हवाले से कहा कि रूस–यूक्रेन विवाद में तटस्थता की वजह अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इमरान कान को पीएम पद से हटाने के लिए प्रोत्साहित किया। द इंटरसेप्ट द्वारा प्राप्त एक लीक पाकिस्तानी सरकारी दस्तावेज के अनुसार, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण पर अपने तटस्थ रुख के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2022 में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को प्रभावित किए जाने की संभावना जताई गई है। द इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी दस्तावेज में बताया गया है कि 7 मार्च, 2022 को अमेरिका में पाकिस्तानी राजदूत असद मजीद खान और डोनाल्ड लू सहित अमेरिकी विदेश विभाग के दो अधिकारियों की एक बैठक में क्या हुआ। लीक हुए दस्तावेज में क्या था?: द इंटरसेप्ट द्वारा प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के लिए अमेरिका के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने यूक्रेन पर पाकिस्तान की तटस्थ स्थिति की आलोचना की। दस्तावेज से पता चला कि उन्होंने अमेरिका में तत्कालीन पाकिस्तानी राजदूत के साथ बैठक के दौरान स्थिति को सुधारने के लिए अविश्वास मत का संकेत दिया था। दस्तावेज के अनुसार, लू ने कहा कि यहां और यूरोप में लोग इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं कि पाकिस्तान (यूक्रेन पर) इतना आक्रामक तटस्थ रुख क्यों अपना रहा है, अगर ऐसी स्थिति संभव भी है। हमें यह इतना तटस्थ रुख नहीं लगता है। द इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को बदल दिया गया, तो वाशिंगटन में सभी को माफ कर दिया जाएगा। इमरान पहले ही जता चुके हैं विदेशी साजिश का अंदेशाः प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्ता से हटते ही पूरी साजिश को लेकर सेना और अमेरिका पर निशाना भी साधा था। इमरान खान ने अपनी सरकार को अस्थितर करने के पीछे विदेशी साजिश बताया था। खान ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि एक विदेशी राष्ट्र ने हमें संदेश भेजा कि इमरान खान को हटाना होगा, अन्यथा पाकिस्तान को परिणाम भुगतना होगा। बता दें इमरान खान की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद पाकिस्तान कि सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला था।

# विराट कोहली के इस खास रिकॉर्ड पर तिलक वर्मा की नजर, तीसरे टी20 मुकाबले में तोड़ सकते हैं

मौजूदा समय में भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है। जहां अभी तक सीरीज में विंडीज 2–1 से आगे है। वहीं बाकी के दो बचे हुए मुकाबले दोनों टीमों के बीच फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। इसके साथ ही टीम इंडिया के युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा ने अभी तक के तीनों मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की है। उनके पास विराट कोहली का खास रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा मौका है।



**तिलक के पास नंबर 1 बल्लेबाज बनने का मौका**

वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए टी20 सीरीज के तीन मुकाबलों में अभी तक तिलक वर्मा के बल्ले से 139 रन निकले हैं। इस दौरान उन्होंने अपने डेब्यू मैच में 39, दूसरे में 51 और तीसरे मुकाबले में नाबाद 49 रनों की पारी खेली। इसके साथ ही वो भारत के लिए द्विपक्षीय टी 20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पांचवें नंबर पर हैं। अगर उन्हें पहले नंबर पर काबिज होना है तो इस सीरीज के आखिरी दो मैचों में उन्हें 93 रन बनाने होंगे। ऐसा करते ही वो भारत के लिए द्विपक्षीय टी20 सीरीज में विराट कोहली को पछाड़ कर पहले नंबर के बल्लेबाज बन जाएंगे।

बता दें कि, भारत के लिए द्विपक्षीय टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली पहले नंबर पर हैं। जिन्होंने मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 231 रन जड़े थे। जबकि दूसरे नंबर पर केएल राहुल हैं। उन्होंने साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 224 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर ईशान किशन का नाम है। किशन ने जून 2022 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 206 रन जड़े। वहीं चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर हैं जो साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 153 रन जड़ चुके हैं।

# चीन–ताइवान में टकराव बढ़ने के आसार, 24 घंटे में 33 एयरक्रॉफ्ट हुए दाखिल

ताइवान ने गुरुवार को कहा कि उसने द्वीप के पास 33 चीनी वायु सेना के विमान और छह नौसैनिक युद्धपोत देखे हैं, जो 24 घंटे



से भी कम समय में इस तरह की दूसरी और एक सप्ताह में कुल मिलाकर तीसरी घुसपैठ है। ताइवान, जिस पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है, ने पिछले तीन वर्षों में इसके पास बार–बार चीनी सैन्य गतिविधि की शिकायत की है, क्योंकि बीजिंग ने द्वीप पर अपनी संप्रभुता स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने के लिए दबाव बढ़ा दिया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय एक्स (पूर्व में ट्विटर) के अनुसार, हवाई जहाज और नौसैनिक जहाजों का पता सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) के आसपास चला। मंत्रालय ने कहा कि उन विमानों में से 10 ने या तो ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर लिया था, जो पहले दोनों पक्षों के बीच एक अनौपचारिक बाधा के रूप में काम करती थी, या ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र या एडीआईजेड के दक्षिण–पश्चिमी हिस्से में प्रवेश कर गई थी। मंत्रालय ने कहा, ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी है और अपने विमानों, नौसेना के जहाजों और भूमि–आधारित मिसाइल प्रणालियों को इन गतिविधियों का जवाब देने का काम सौंपा है। द्वीप के पास चीनी युद्धक विमानों और युद्धपोतों की यह दूसरी घुसपैठ है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 10 चीनी वायु सेना के विमानों ने ष्लड़ाकू तैयारीष गश्त में लगे पांच चीनी युद्धपोतों के साथ द्वीप के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि सुबह 9 बजे (स्थानीय समय) के आसपास, उसने समुद्र में ऑपरेशन में लगे कुल 25 चीनी विमानों का पता लगाया, जिनमें जे–10 और जे–16 लड़ाकू विमानों के साथ–साथ एच–6 बमवर्षक भी शामिल थे। 6 अगस्त को ताइवान ने द्वीप के पास चीनी युद्धक विमानों और युद्धपोतों द्वारा समान स्तर की गतिविधि की सूचना दी। राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन के अमेरिका की यात्रा से स्वदेश लौटने के बाद चीन ने अप्रैल में ताइवान के आसपास युद्ध खेल आयोजित किए, जहां उन्होंने हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की। ताइवान की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार चीन के संप्रभुता के दावे को खारिज करती है और कहती है कि केवल द्वीप के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं।

# इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की गोली मारकर हत्या



क्विटो। इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की बुधवार को देश की राजधानी क्विटो में एक राजनीतिक रैली में अज्ञात बंदूकधारी ने गोली मारकर हत्या कर दी। राष्ट्रपति गुलेर्मो लासो ने यह जानकारी दी। यह हत्या ऐसे वक्त में हुई है जब दक्षिण अमेरिकी देश में मादक पदार्थ की तस्करी और हिंसा चरम पर है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो में फर्नांडो को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में कार्यक्रम से निकलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें एक सफेद ट्रक में प्रवेश करते हुए और फिर उन पर गोलियां चलते हुए देखी गयी। फर्नांडो (59) 'बिल्ड इक्वाडोर मूवमेंट' के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। वह अगस्त के अंत में होने वाले चुनाव में राष्ट्रपति पद के आठ उम्मीदवारों में से एक थे। वह विवाहित थे और उनके पांच बच्चे हैं। वह खासतौर से पूर्व राष्ट्रपति राफेल कोरिया के 2007 से 2017 तक के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ काफी मुखर रहे। उन्होंने कोरिया सरकार के कई शीर्ष सदस्यों के खिलाफ न्यायिक शिकायतें दर्ज करायी थीं। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि हमले में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। बहरहाल, प्राधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि कितने लोग घायल हुए हैं।

# सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## .विद्यालय के कैप्टन और वाइस कैप्टन को विद्यालय परिवार ने दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

संतकबीरनगर। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में आज विद्यालय के कैप्टन और वाइस कैप्टन के पद पर चयनित छात्र–छात्राओं को विद्यालय परिवार ने शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी और निदेशिका सविता चतुर्वेदी ने फूल माला पहनाते हुए स्वागत किया इस दौरान छात्र–छात्राओं ने विद्यालय के प्रति सच्ची ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के साथ सभी अध्यापक मौजूद रहे। आपको बता दें कि पूरा मामला सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद का है जहां पर 4 दिन पूर्व विद्यालय में कैप्टन और वाइस कैप्टन का चुनाव हुआ था जिसमें कैप्टन और वाइस कैप्टन बालक बालिका वर्ग के छात्र चयनित हुए थे। चुनाव जीते छात्र छात्राओं को आज विद्यालय परिवार द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करते हुए चयनित छात्र छात्राओं को उनके पद के लिए कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी के लिए विद्यालय में चुनाव कराया गया था चुने गए छात्र छात्राओं का आज शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया गया। उन्होंने सभी चयनित छात्र छात्राओं को उनके पदों के लिए बधाई दी। निदेशिका सविता चतुर्वेदी ने छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि जिस तरीके से विद्यालय के बच्चों ने भरोसा करके उनको अपना कैप्टन और वाइस कैप्टन बनाया है सभी छात्र छात्राओं से अपील है कि वह अपने पद का पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करें।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव,शरद त्रिपाठी,नितेश दिवेदी, अर्चना,बबिता त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।






# सरकारी योजना के लाभ को लेने के लिए किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। ग्राम खैराटी भारत सरकार सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम नाबार्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत पुर्वांचल ग्रामीण सेवा सेवा समिति गोरखपुर के द्वारा कठपुतली शो के माध्यम से नौतनवा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड नौतनवां में जुड़कर सरकारी योजना का लाभ सभी किसान भाई बहन उठाएं ग्राम सभा खैराटी, बरगदही, अरघा महुवा में दिखाया गया एवं कम्पनी के डायरेक्टर ग्राम सभा दिनेश सिंह, लालचंद ग्राम सभा शम्भू प्रसाद, सुनीता देवी ग्राम सभा गनेशपुर रामप्रीत, ग्राम सभा पैसिया बाबू गेना देवी, पुर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति रिसोर्स पर्सन .ष्ण कुमार,सी ,ई,ओ, अम्बरीश कुमार उपस्थित रहे।





# जलजमाव से लोग परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

रुधौली,बस्ती। नगर पंचायत रुधौली के अंतर्गत स्थितपेट्रोल



पंप पर जाने के लिए रुधौली मुड़ियार तिराहे पर काफी जलजमाव है अंबेडकरनगर वार्ड में स्थित चेयरमैन के घर के बगल होने के बावजूद भी जल निकासी के लिए नहीं बना नाली विगत 5 वर्षों से विकास की राह देख रहे हैं वार्ड वासियों में है रोष, जलजमाव क़े चलते स्कूल जा रही छात्रा बखरिया निवासी अंजली गिरकर हुई चोटिल,परिजनों को दी सूचना,पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली वार्ड के सभासद पति भी नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ से भी कर चुके हैं शिकायत, नहीं हुई कोई सुनवाई, वार्ड वासियों द्वारा जब भी प्रभारी अधिशासी अधिकारीसे बात करना चाहते हैं अधिशासी अधिकारी नहीं उठाते फोन, तानाशाही रवैया से नगर पंचायत अध्यक्ष के अधिकतर सभासदों मेंहै,नाराजगी,जानकारी के अनुसार नगर पंचायत रुधौली के सभासद गणसे जानकारी मिली है कि,दो दिनों में निजात न मिलने पर जिलाधिकारी को देंगे ज्ञापन।

# एन आई एक्ट के मामलों का कराएं निस्तारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश द्वारा अन्य न्यायिक



अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की आगामी 12 अगस्त 2023 को एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक में उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को विशेष लोक अदालत में चेक से जुड़े मामलों का ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुलह–समझौते के आधार पर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर न्यायालय के माध्यम सें पक्षकारों के बीच सुलह समझौते के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण करा सकते हैं। लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 03 बजे तक होगा।

# वैज्ञानिक बने शिवकुमार के आगमन पर स्वागत समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। बभनान क्षेत्र के ग्रामसभा ढढौवा मेहनिया के रहने वाले




रामचरन के बेटे शिवकुमार का चयन भारतीय रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक के पद पर होने के बाद ग्राम सभा में प्रथम आगमन होने पर गांव के लोगों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। वैज्ञानिक के पद पर चयनित हुए शिवकुमार के प्रथम आगमन पर सम्मान समारोह के बीच लोगों ने फूल माला पहनाकर सम्मान किया। गांव पहुंचे शिवकुमार को ग्राम सभा के लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख अनिल पासवान, लेखपाल रामचरण, ग्राम प्रधान रामतौल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# होम गार्ड जवान के बेटे की हत्या का खुलासा, एक आरोपी को किया गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बराराय गांव में 8 जून को होम गार्ड जवान के बेटे की हत्या हुई थी। जिसका खुलासा करते हुए अपराध शाखा और खरगूपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरतार किया है। जबकि एक अन्य आरोपी फरार है।जिसकी गिरतारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। जमीन विवाद को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। होम गार्ड के जवान राधेश्याम यादव का बेटा जयराम 8 जून की रात में गन्ने के खेत में छुट्टा जानवर भगाने गया था। जहां अज्ञात व्यक्तियों ने खेत में हत्या करके गांव के पास स्थित शराब भट्टी के पीछे थोड़ी दूर पर एक पेड़ के नीचे फेंक कर फरार हो गए थे। खरगूपुर पुलिस होम गार्ड राधेश्याम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। जांच में तेजी न होने पर पुलिस अधीक्षक ने गोंडा अपराध शाखा को भी पूरे मामले की जांच सौंपी थी। आज निरीक्षक अपराध शाखा और खरगूपुर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल एक आरोपी शिव प्रसाद तिवारी उर्फ ननकू को गिरतार करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है। साथ ही घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है। जिसकी गिरतारी के लिए लगातार पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है।

## अपराध शाखा को दी गई थी जांच

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति ने बताया कि होम गार्ड राधेश्याम के बेटे का 8 जून को शव मिला था। राधेश्याम ने धारा 302 के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजी.त कराया था। थाना खरगूपुर पुलिस अपने स्तर से विवेचना कर रही थी। विवेचना में प्रभावी प्रगति न होने पर एसपी ने अपराध शाखा को स्थानांतरित किया था। आज अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक और खरगूपुर पुलिस ने घटना का खुलासा किया गया है और एक आरोपी शिवप्रसाद तिवारी उर्फ ननकू को गिरतार किया है। एक अन्य आरोपी भी घटना में संलिप्त है। उसकी भी गिरतारी का प्रयास किया जा रहा है। पूछताछ शिवप्रसाद ने बताया है कि हमारे घर के पास ही इनका घर था। आते जाते समय हमारे घर के बच्चों को उल्टा सीधा बोलते थे और इनसे हमारी जमीन को लेकर रंजिश थी। वह रात में अपने गन्ने के खेत में छुट्टा जानवर भगाने गए थे। तभी हम अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बेल्ट और रुमाल से गला कसकर उसकी हत्या कर दी थी। वहीं पेड़ के नीचे शव को छोड़कर चले आए थे।

# जिलाधिकारी ने किया एमडीए अभियान का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। गुरुवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मांस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का उद्घाटन राजकीय इण्टर कालेज नौगढ़ प्रांगण से जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। जीआईसी नौगढ़ में 475 छात्र–छात्राओं ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। गौरतलब है कि एमडीए अभियान के दौरान 10 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर–घर जाकर 1 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग की जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करने का आह्वाहन किया तथा बताया कि इस गम्भीर बीमारी से बचाव का यही एक मात्र उपाय है। एमडीए अभियान के उद्घाटन में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, मेडिकल कालेज के प्राचार्य ए0के0 झा, जीआईसी के प्रधानाचार्या राम नवल, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, सहायक मलेरिया अधिकारी, आनन्द मोहन पाण्डेय जिला समन्वयक पीसीआई, राहुल तिवारी जिला समन्वयक पाथ मौजूद रहें।



# शराब के दुकान की शिकायत पर पहुंचे आबकारी इस्पेक्टर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। कस्बे में चल रहे दो दो शराब की दुकान के शिकायत पर गुरुवार को आबकारी इस्पेक्टर अपने टीम के साथ पहुंचकर जांच करना चालू कर दिए। पायोहारी आश्रम के महंत लाल बहादुर दास ने एक आईजीआरएस के माध्यम से अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान की शिकायत की थी शिकायत पत्र में ट्रस्ट मंदिर का नाम दिया गया और लिखा गया गया की शराब भठ्ठी के कुछ ही दूरी पर राम जानकी मंदिर है और जिससे काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही है लोग काफी भीड़ लगाते है और मंदिर के पास आकर शराब पीते है महंत लाल बहादुर दास ने बताया की शिकायत होने के वावजूद भी गलत रिपोर्ट आबकारी विभाग लगा कर भेज दिए और देखने तक नही है जब कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही और डुमरियांज पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह आए जब उनसे शिकायत किया गया तो आबकारी विभाग आ रहे है। आबकारी इस्पेक्टर ने अपने टीम के साथ दोनो दुकानें चेक किए लेकिन कोई भी ठोस सबूत नहीं मिला। आबकारी इस्पेक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने बताया की शिकायत पर पहुंचकर दुकानें भी देखी गई लेकिन सब सही पाया गया है और दुकान हटाने के लिए रिपोर्ट भेजा जा रहा जैसे ही आदेश आता है तो दुकान हटवाया जायेगा।



# रोडवेज वर्कशॉप को राप्ती नगर किया जाए स्विट एडीजी जोन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। जाम के झाम से आम जनमानस को निजात दिलाने के लिए एडीजी जोन व मंडलायुक्त ने किया मैराथन बैठक जिससे आम जनमानस को जाम से निजात दिलाया जा सके आज बुधवार को अपर पुलिस महा निदेशक अखिल कुमार, मण्डलायुक्त



अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार मे शहर को जाम से निजात दिलाने के लिये बैठक करते हुये आरएम रोडवेज को दिया निर्देश दिया कि रोड़वेज बस वर्कशाप को राप्तीनगर मे शिट किया जाये साथ ही नगर आयुक्त,एडीएम सिटी, एसपी सिटी प्राईवेट बसो के स्टैन्ड के लिये जल्द से जल्द स्थान को चिन्हित करें। उन्होने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि रेहड़ी एवं पटरी व्यवसाय करने वालो के लिये वेडिग जोन चिन्हित किया जाये। अपर पुलिस महा निदेशक एवं मण्डलायुक्त आरटीओ परिवहन से शहर मे आटो के संचालन की जानकारी लेते हुये निर्देश दिया कि सुरक्षा के .ष्टिगत जनपद मे चलने वाले सभी आटो/ई रिक्शा पर अभियान चलाकर नम्बरिग कराया जाये। उन्होने कहा कि प्रथम चरण मे सभी आटो एवं द्वितीय चरण मे ई रिक्शा पर नम्बरिग कराया जाये। उन्होने दूरसंचार विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया कि सड़को के किनारे अनुपयोगी टेलीफोन के खम्बों को हटाया जाये।उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया कि सड़को के सभी लाइटो को नगर निगम को हैन्ड ओवर किया जाये।बैठक में एडीजी जोन अखिल कुमार मंडलायुक्त अनिल ढींगरा आईजी रेंज जे रविंद्र गौड़ जिलाधिकारी .ष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तवर पुलिस अधीक्षक नगर .ष्ण बिश्नोई अपर आयुक्त अजयकांत सैनी सीडीओ संजय कुमार मीना एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह रीजन मैनेजर रोडवेज पीके तिवारी पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक श्यामदेव सहित संबंधित अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश आजाद नगर तिराहा बना आजाद चौक

बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। आजादी को अमृत महोत्सव का आयोजन





बांसी सिद्धार्थनगर मेरी माटी मेरा देश के अभियान के आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम किया गया इसके तहत नगर अध्यक्ष चमन आरा राइनी एवम अधिशाषी अधिकारी विध्याचल इदरीश राइनी की अगुवाई में राप्ती नदी के तट पर नेता जी सुबासचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्या अर्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बांसी ैक्ड प्रमोद कुमार के अध्यक्षता में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जन्म दिवस पर 19/08/2023 समय 5 बजे हिंदू धर्म के नियमानुसार पूजा प्रतिष्ठा के साथ चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का उद्घाटन हुआ है चमन आरा नगर अध्यक्ष एवम अधिशाषी अधिकारी कालिका प्रसाद त्रिपाठी इदरीश राइनी, सभासद बजरंगी वर्मा एवम प्रतिमा वर्मा एवम भाजपा की पदाधिकारी जिला महामंत्री गुड़िया पाण्डेय एवम सभी सभासद पदाधिकारी उपस्थित होकर माल्या अर्पण किया एवम सभी नगरवासियों ने स्वागत के साथ माल्यार्पण किया।

# ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट का बैठक हुआ संपन्न

## हरपुर में सोशल ऑडिट एक को ऑर्डिनेटर सत्यभामा ने शांतिपुर तरीके से बैठक को किया संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। मेहदावल ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में सकुशल संपन्न हुआ सोशल ऑडिट बैठक पारदर्शिता, सहभागिता एवं





जवाबदेही के अनुपालन में विकास खंड मेहदावल के ग्राम पंचायत गुलरिया, फरदहा, घुरापाली, ईमलिडिहा, एवं हरपुर में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। जहां पर सोशल ऑडिट टीम द्वारा दो दिनों तक गांव में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया तत्पश्चात आज तीसरे दिन ग्रामीणों के साथ खुली बैठक कर सोशल ऑडिट टीम द्वारा ग्रामीणों के समक्ष एमआईएस रिपोर्ट को पढ़कर सुनाते हुए पीएम आवास एवं मनरेगा के तहत गांव में हुए विकास कार्यों का क्रमानुसार ऑडिट किया गया। तथा टीम कोऑर्डिनेटर द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सामाजिक अंकेक्षण के मूल उद्देश्यों को बताया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान गुलरिया मोहम्मद तय्यब, ग्राम प्रधान ईमलिडिहा बैजनाथ यादव, फरदहा ग्राम प्रधान इसरार अहमद, घूरापाली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश कनौजिया, हरपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुनाई गुप्ता, एवं सोशल ऑडिट टीम के कोऑर्डिनेटर सत्यभामा व सदस्यों सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीपीएफ कटौती को लेकर लगभग 4000 लोग पहुंचे धरना स्थल पर– इको गार्डन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। रमाबाई स्थल से आज सुबह स्मारकों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लखनऊ के इको गार्डन धरना स्थल पर धरने पर बैठ गए। धरने स्थल पर लगभग सुबह से लेकर देर शाम तक शांति ढंग से धरना चला रहा अभी तक कोई भी प्रशासन का व शासन का अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सतीश चंद्र ने बताया कि अभी तक कोई भी प्रशासन का वह शासन का अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा है उन्होंने कहा अगर हमारी मांगे वह ई सी पी एफ कटौती के खाते नहीं खुलेंगे तो यह धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। स्मारक संरक्षण समिति के लगभग 4200 कर्मचारी जिसमें लगभग चार हजार के करीब चतुर्थ श्रेणी के सफाई कर्मचारी स्वीपर कर्मचारी व अन्य पदों पर कार्यरत कर्मचारी हैं, नियमावली के अनुसार हम सभी का कार्य क्षेत्र लखनऊ व नोएडा में स्थित स्मारकों पार्कों की देखरेख व अनुरक्षण करना है परंतु नियमों के विपरीत हम सभी कर्मचारी लखनऊ के अंदर एलडीए के अंतर्गत विभिन्न पार्कों में जनेश्वर मिश्र पार्क, लोहिया पार्क, भारत निर्वाचन आयोग, व अधिकारियों के घरों में लखनऊ के उच्च अधिकारियों के घरों में तथा कर्मचारी शासन में भी कार्य कर रहे हैं, हम सभी विगत 12 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे हैं परंतु दुर्भाग्य है कि हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है हमारे अधिकारी सदैव मानसिक व आर्थिक शोषण करते हुए उच्च अधिकारी उदासीन मिल रहे हैं जबकि सरकार व शासन द्वारा हमारे वेतन पर पर्याप्त बजट दिया जा रहा है। जो हमने अधिकारी कर्मचारियों को लाभ ना देकर वापस शासन को लौटा देते हैं वह हम सभी कर्मचारियों को गुमराह करते हैं और बताना है कि आप सभी कर्मचारियों की पुनर्वित्त वेतनमान से वेतन चिकित्सा अवकाश सी पी एफ कटौती वेतन का 10 परसेंट कितना सातवां वेतनमान मृतक आश्रितों को नौकरी एसीपी का लाभ दिया जाए। दिव्यांग भत्ता दिया जाना आदि सभी फासले शासन स्वर पाल वित्त है। हम सभी कर्मचारी अधिकांश छोटे कर्मचारियों का लखनऊ राजधानी जैसे महंगे बड़े शहरों में किराए के मकान में रहकर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को अत्यंत अन्य वेतन में निभा पाना मुश्किल हो रहा है। हम सभी कर्मचारी गणों के इस संबंध में पिछले कई वर्षों से उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक को पत्र के माध्यम से बार–बार अवगत कराते रहे हैं परंतु हमारी मांगों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है स्मारक संरक्षण समिति आवास एवं शहरी नियोजन के अंतर्गत कार्य करती है उसके प्रमुख सचिव समिति के अध्यक्ष भी हैं आवास एवं शहरी नियोजन वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री के अधीन है अभी कुछ समय पहले हमें ज्ञात हुआ कि 1400 रुपए पर कार्यरत कर्मचारियों की वेतन वृद्धि इसलिए रोक दी गई। क्योंकि उनका वेतनमान उच्च सीमा पार कर गया जबकि विगत 12 वर्षों में वेतनमान ना होने के कारण कर्मचारी पहले से ही आर्थिक रूप से परेशान हैं पूरे प्रदेश में वर्तमान से 1300 व 1400 कहीं नहीं चल रहा है शासन द्वारा 2008 में ही वेतनमान व रुपए पुनीत का वेतनमान 5200–20200 व रुपए 1800 किया जा चुका है। और वर्तमान में पूरे प्रदेश में कर्मियों का सातवें वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है हम सभी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंडलायुक्त लखनऊ एलडीसी प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन व स्मारक समिति के अधिकारियों को अपनी समस्याओं के संबंध में पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। और निवेदन किया कि 9 मार्च 2023 तक सभी की मांगों पर विचार करते हुए शीघ्र निस्तारण किया जाए परंतु निस्तारण नहीं हुआ व किसी प्रकार का आश्वासन भी नहीं दिया गया। इसलिए हम समस्त कर्मचारी आज एलडीए वीसी जो कि हमारे नियुक्ति अधिकारी भी हैं के कार्यालय पर उपस्थित हुए लेकिन वहां से हमको धरना स्थल इको गार्डन भेज दिया गया है।



## बच्चों को खुराक पिला कर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। गुरुवार को राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस समस्त जनपद में मनाया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ छपका स्थित ग्लेनहिल पब्लिक स्कूल में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार द्वारा बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की गोलिया खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार ने बताया कि यह दिन देश के हर बच्चें को .मि मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है। बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धि स्थिति, शिक्षा तक पहुंच एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए समस्त स्कूलों एवं आंगवाड़ी केन्द्रों के प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों को .मि मुक्त किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय ने बताया कि यह मुख्य रूप से 01 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर/किशोरियों के लिए .मि मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं उनको .मि मुक्त करने के उद्देश्य से 10 अगस्त को मनाया जाता है जिसमें जनपद के समस्त स्कूलों एवं आंगवाड़ी केन्द्रों पर 1023216 बच्चों एवं किशोर / किशोरियों को .मि मुक्ति हेतु एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई जायेगी तथा जो बच्चें 10 अगस्त को गोली खाने से छूट जायेगें उन्हे 17 अगस्त को माप–अप दिवस पर एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। उन्होने बताया कि बच्चों में .मि संक्रमण विभिन्न कारको के कारण हो सकता है जिनमें व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी, कच्चा और दूषित भोजन का सेवन अधिक मिठाई एवं जंक फूड का सेवन शामिल है। इनके लक्षणों में पेट दर्द, दस्त, मतली या उल्टी, पेट में गैस या सूजन, थकान, बिना कारण वजन घटना, खून की कमी आदि शामिल है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० प्रेमनाथ ने .मि संक्रमण से होने वाली बिमारियों एवं उनके रोकथाम के विषय में बताया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० आर०जी० यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रिपुन्जय श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (एन०डी०डी०) मनोज कुमार, सौरभ सिंह विद्यालय प्रबंधक सी0के0 मिश्रा, प्रधानाध्यापिका ज्योत्सना सिंह सहित विद्यालय के समस्त फैकल्टी मेम्बर्स एवं बच्चें उपस्थित रहें ।



## पसमांदा मुस्लिम समाज ने मनाया 10 अगस्त को अपने कार्यालय पर काला दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि 1936 से 1950 तक दलित मुसलमानो को हिन्दू दलितों के भांति आरक्षण मिलता था,देश की आज़ादी के बाद एवं संविधान लागू होने के बाद भी पसमांदा/दलित मुसलमानो को आरक्षण का लाभ मिलता था, 10, अगस्त 1950 को तत्कालीन कांग्रेसी सरकार ने बड़ी होशियारी के साथ एक गैर संविधानिक अध्यादेश/राष्ट्रपति अध्यादेश द्वारा धारा 341 के पैरा 3 पर धार्मिक प्रतिबंध लगा कर पसमांदा/दलित मुसलमानो,बौद्धदों, ईसाइयों, सिक्खों को आरक्षण से वंचित कर दिया था, यह आज़ाद भारत की सबसे बड़ी घटना थी जिसे पिछली सरकारैं अंदेखी करती रहीं. 1956 में सिक्खों, और 1990 में बौद्धदों को बहाल कर दिया जबकि पसमांदा/ दलित मुसलमानो और ईसाइयों को आज भी दलित आरक्षण से वंचित रखा गया है। अनीस मंसूरी ने कहा गतवर्षो के भांति इस वर्ष भी 10, अगस्त 2023 को शांतिपूर्वक काला दिवस पसमांदा कार्यालय पर मनाया जा रहा है। अनीस मंसूरी ने कहा कि पिछली केंद्र सरकारों के अंदेखी के चलते पसमांदा/दलित मुसलमान भुखमरी के कगार पर है, इनके पुश्तैनी धंधे एवं कारोबार समाप्त हो गये हैं पेशेवर पासमांदा तबक़ा मृत्युशैया पर पड़ा कराह रहा है केंद्र और राज्य की गूंगी बहरी सरकारों को इनकी आवाज़ सुनाई नहीं देती है। अनीस मंसूरी ने कहा कि जुलाई 2022 में हैदराबाद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधान मंत्री ने पासमांदा मुसलमानो के बारे में फ़िक्रमंदी दिखाई थी जिससे पसमांदा मुसलमानो में स्फूर्ति पैदा हुई थी आशा जगी थी कि प्रधानमंत्री पसमांदा मुसलमानो के लिए कोई ठोस कार्य योजना लागू करेंगे ऐसा भी न होपाया बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पसमांदा मुसलमानो को लाभ पहुँचाने के बजाये नुकसान पहुँचाने पर तत्पर है। अनीस मंसूरी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री सच में पसमांदा मुसलमानो के हितैषी हैं तो पहले सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब/शपथपत्र वापस लें उसके बाद धारा 341के पैरा 3 पर लगे धार्मिक प्रतिबंध राष्ट्रपति अध्यादेश को वापस लें ताकि पसमांदा/दलित मुसलमानों और ईसाईयों को दलित आरक्षण का लाभ मिल सके। इस अवसर पर पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईनी, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम सलमानी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हाजी नसीम अहमद, हाजी शब्बन मंसूरी, मोहम्मद असद कस्सार, अशफाक हाश्मी, हाफ़िज़ शौकत अली, क़ारी शफ़ीक़ आलम कादरी, हाजी शफ़ीक़ अहमद शब्बीर मंसूरी, लुकमान मंसूरी कसमण्डी, मोहम्मद अरशद, इब्राहिम मंसूरी काकोरी डॉ मरगूब कुरैशी, असलम नदवी, मोहम्मद रिज़वान उर्फ़ पप्पू कुरैशी, इमरान मंसूरी, इसरार ज़रीवाला, वसीम शाह, लतीफ़ मंसूरी, शब्बीर मंसूरी बी0 एम0सी के अलावा गुड्डू मंसूरी, फैसल सिद्दीकी, वाजिद सलमानी इत्यादि मौजूद थे।



# साइबर अपराध से डरे नहीं लेने सुझाव: संतु सरोज

## रावटसगंज नगर के विभिन्न बैंकों व पिकनिक स्पॉट पर लोगों को किया प्रेरित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिले में घटते साइबर अपराध की घटनाओं को देखते हुए महिलाओं छात्राओं वह लोगों को जागरूक करने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यस वीर सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में गुरुवार को सदर कोतवाली महिला एसआई संतु सरोज के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज कस्बा स्थित विभिन्न बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान वहां मिली महिलाओं छात्राओं व लोगों को साइबर अपराध से न डरने व उन्हें जागरूक करने को लेकर टोल फ्री नंबर व कैसे बचे दी जानकारी महिला सशक्तिकरण बुकलेट वितरित कर बताया सरकार की सेवाएं। महिला एसआई संतु सरोज ने बताया कि नगर के बैंकों सहित टूरिस्ट स्थल यूको पॉइंट, पंचमुखी जैसे स्थानो पर निरीक्षण कर वहां मौजूद लोगों व महिलाओं छात्राओं को भी प्रेरित किया गया कि साइबर अपराध से ना डरे और निडर होकर उसका सामना करें उससे बचने के को लेकर जो जो बिंदुओं सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में बुकलेट मिले हैं उनको वितरित करते हुए उनको जागरूक किया गया और प्रेरित किया गया कि किसी प्रकार से कोई परेशानी या प्रॉब्लम आती है तो पहले टोल फ्री नंबर पर तत्काल सूचित करें और संबंधित थाना या चौकी से संपर्क करें जिससे कि तत्काल मदद मिलेगी किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन कॉल रिसीव ना करें ना ही उनको अपनी गोपनी बैंक अकाउंट आधार या किसी भी प्रकार की ओटीपी की जानकारी दें साइबर अपराध से बचने के लिए लोगों को भी प्रेरित करें अपने घर परिवार छोटे–बड़े सबको इस संदर्भ में जानकारी दें जिससे कि अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके इस मौके पर लवली सिंह, सुनील कुमार,रंजय आदि लोग मौजूद रहे।



## चोरी की योजना बना रहे 03 अभियुक्त गिरतार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह जनपद सोनभद्र के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस के प्रयास से 10.08.2023 को मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रासिंग के पास शंकर भगवान के मंदिर के पीछे से, चोरी की योजना बना रहे 03 नफर अभियुक्तों को चोरी करने के उपकरण के साथ गिरतार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 478/2023 धारा 401 भादवि का अभियोग पंजी.त कर विधिक कार्यवाही की गयी।



## जंगलो में की गयी सघन काम्बिंग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से –10.08.2023 को क्षेत्राधिकारी दुद्धी दद्दन प्रसाद गोड़ के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम गोहड़ा व भिसुर के जंगलों में मय पर्याप्त पुलिस बल व पीएसी के साथ सघन कॉम्बिंग की गयी। इसी प्रकार थाना चोपन पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम अलाउर व सुदहि के जंगलो में मय पीएसी की गयी सघन काम्बिंग, काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके हर सम्भव निराकरण का भरोसा दिलाया गया तथा स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।



## विधायक गौरा ने विधानसभा पटल पर रखा क्षेत्र की विकास प्रस्ताव

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। विकास पुरुष के नाम से कहे जाने वाले गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने विधानसभा पटल पर रखा अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव 1 रू गौरा विधानसभा के रेनूवा से दौलतपुर ग्रांट तक सड़क का चौडीकरण एवं उच्चिकरण कराये जाने के संबंध मे याचिका का प्रस्ताव रखा हैं।,रू2 मनकापुर तहसील के मनकापुर ब्लॉक के अंतर्गत अमवा से बीर पुर मार्ग का चौड़ी करण एवं उच्ची करण करवाने का प्रस्ताव रखा हैं। 3 रू विकास खण्ड छपिया अंतर्गत नव निर्मित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराज गंज ग्रांट के प्रस्ताव पर प्रस्ताव रखा हैं।के विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र मे बिजली, पानी, सड़क स्वास्थ, शिक्षा के क्षेत्र मे काफ़ी विकास हुवा हैं साथ ही साथ ऐसे विधायक जो हमेसा अपने आवास पर जनता की शिकायत सुन कर त्वरित निराकरण करवाना, क्षेत्र मे जनता के बीच जाकर जनता के सुख दुख मे सहयोग करना भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यक्रमो मे उपस्थित होकर सरकार के योजनाओं एवं संदेशो को जनता एवं कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों तक पहुंचाना एवं कार्यकर्ताओ का पार्टी के प्रति कार्य करने का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया हैं जिससे जनता के लोकप्रिय एवं पसंदीदा विधायक बने हुए हैं।



## क्षेत्राधिकारी पिपरी ने कैमरे लगाने के लिये किया मीटिंग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन .ष्टि' एवं स्वतंत्रता दिवस के पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था/सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में–10.08.2023 को थाना शक्तिनगर में स्थित एन0टी0पी0सी गेस्ट हाउस में क्षेत्राधिकारी पिपरी प्रदीप सिंह चन्देल की अध्यक्षता में एवं प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर की उपस्थिति में कम्पनियों के अधिकारियों व ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग में सभी को सीसीटीवी कैमरे महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाने हेतु निर्देशित किया गया व स्वतंत्रता दिवस को मनाने हेतु पर्याप्त सुरक्षा व सतर्कता बरतने का निर्देश दिये गये।



## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# महिलाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले, जानें इसे लेकर क्या कहती है स्टडी



दिल का स्वस्थ रहना किसी भी इंसान की लाइफ के लिए बहुत जरूरी है. लेकिन दिल की खराबी और दिल संबंधी बीमारियों यानी कार्डियोवैस?कुलर रोगों ने आजकल ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरु कर दिया है. हैल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि पहले दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक एक उम्र के बाद होता था लेकिन आजकल जवान और बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं. खास बात ये है कि पिछले कुछ सालों में पुरुषो के मुकाबले महिलाएं दिल के दौरे की चपेट में ज्यादा आ रही हैं.

क्या कहती है स्टडी

इस संबंध में कराए गए अध्ययन में कहा गया है कि कार्डियोवैस?कुलर रोग संबंधी खतरे महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं हर साल महिलाओं में करीब 35 फीसदी मौतें केवल दिल संबंधी बीमारियों के चलते होती है. ऐसे में जरूरी है कि महिलाओं में दिल संबंधी बीमारियों को लेकर जागरुकता फैलाई जाए. चलिए आज बात करते हैं कि महिलाओं में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज यानी ह्रदय संबंधी बीमारी से जुड़े रिस्क के लक्षण क्या क्या हो सकते हैं.

महिलाओं में ह्रदय संबंधी बीमारियों के संकेत क्या क्या हैं

हार्ट रिलेटेड बीमारियों के प्रति जागरुकता की कमी और हार्ट डिजीज के प्रति महिलाओं की संसेटिविटी ही महिलाओं को दिल संबंधी खतरों की ओर धकेल रही है. इसके कारण औरतें कम ही उम्र में हार्ट अटैक और हार्ट संबंधी दूसरे खतरों का शिकार हो रही हैं. हालांकि कुछ मामलों में महिलाओं में हार्ट की बीमारी से जुड़े संकेत पुरुषों से कुछ अलग हो सकते हैं. जैसे जबड़े में दर्द होना महिलाओं में हार्ट अटैक से पहले का एक सामान्य लक्षण है. इसके अलावा कंधे और बाएं सीने में दर्द होना भी एक सिंपटम है. इसके अलावा पीठ के ऊपरी भाग और पेट के ऊपरी हिस्से में रह रह कर दर्द होना भी हार्ट अटैक का संकेत है. लगातार पसीना आना, चक्कर आना भी कार्डिएक अरेस्ट का लक्षण है. कोई भारी काम ना करने के बावजूद आर्म्स पेन भी हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है.

किन महिलाओं को हो सकता है कार्डिएक अरेस्ट का ज्यादा खतरा

डॉक्टर अनुमान लगाते हैं वो महिलाएं जिनकी पारिवारिक हिस्टरी में हार्ट अटैक के मामले हैं, वो इसकी ज्यादा गिरफ्त में आती हैं. इसके अलावा डायबिटीज 2, मोटापा, हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप से पीडिघ्त महिलाएं भी दिल के दौरे और हार्ट रिलेटेड डिजीज का जल्दी शिकार बनती हैं. वो महिलाएं जिनका कोलेस्ट्रोल हाई रहता है, मैनोपॉज की स्थिति से जूझ रही महिलाएं, एंजाइटी और स्ट्रेस का शिकार महिलाएं, कम नींद लेने वाली महिलाएं और स्मोकिंग और अल्कोहल का ज्यादा सेवन करने वाली महिलाएं कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) का ज्यादा शिकार बनती हैं.

## जिम में वर्कआउट करती दिखीं नेहा मलिक, भोजपुरी क्वीन की फिटनेस देख फैंस का धड़का दिल


भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हर एक झलक पाने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने



लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी फिटनेस देखकर फैंस का मन डोल गया है। हालांकि उनके इस लुक पर फैंस अपनी नजरें टिकाए बैठे हैं। भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल की हीरोइन नेहा मलिक आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी जिम वेयर में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी फिगर और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने से बिल्कुल भी नहीं कतरा रहे हैं। नेहा मलिक ने इस दौरान टाइट फिटेड पेंट और साथ ही स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अपने बालों की हाई पोनी बांध कर साथ ही सटल बेस मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को बखूबी से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी और फिटनेस फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर ये साबित होता है कि नेहा मलिक खुद को मेंटेन रखने के लिए काफी हेवी वर्कआउट करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।




## अक्षय कुमार की फिल्म ओह माय गॉड 2 का नया प्रोमो वीडियो आया सामने




इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।ओह माय गॉड 2 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है। अब इस बीच अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म का नया प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, उचित और अनुचित का फर्क, जानिए 11 अगस्त को।

ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय कर रहे हैं, जबकि अश्विन वर्दे इसके निर्माता हैं। इसमें अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी, अरुण गोविल और यामी गौतम जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी और टिकट खिड़की पर ओह माय गॉड 2 का सामना सनी देओल की फिल्म गदर 2 से होगा। खबर है कि ओह माय गॉड 2 सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। ओएमजी 2 की एडवांस बुकिंग की बात करें तो ये गदर 2 से बहुत पीछे है. रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म के सोमवार रात तक 26,075 टिकट बेचे जा चुके हैं. जिससे अबतक 80.96 लाख तक की कमाई हुई है. हालांकि इसके पीछे का कारण अक्षय कुमार की फिल्म को सेंसर बोर्ड से देरी से सर्टिफिकेट मिलना भी है. हालांकि ऑन स्पॉट बुकिंग से भी उम्मीदें लगाई जा रही हैं. वहीं गदर 2 की ओपनिंग डे के लिए अबतक 2,06,068 टिकट बेची जा चुकी हैं. रिपोर्ट के अनुसार ये आंकड़े सोमवार रात तक के हैं. वहीं अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने इसी से 5.26 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. दिलचस्प बात ये है कि अभी फिल्म रिलीज होने में 3 दिन का समय बाकी है. ऐसे में देखना ये होगा फिल्म एडवांस बुकिंग में कितनी आगे निकलती है.

## बदलाव के दौर से गुजर रहा है ओटीटी प्लेटफॉर्म: रिद्धि डोगरा



श्असुरय, पिचर्स 2 और हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज श्बदतमीज दिलय में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने कहा, कि उन्हें लगता है, कि ओटीटी माध्यम बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

श्असुरय, पिचर्स 2 और हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज श्बदतमीज दिलय में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने कहा, कि उन्हें लगता है, कि ओटीटी माध्यम बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने ओटीटी पर बात करते हुए


बताया कि ओटीटी मुख्य रूप से व्यक्तिगत देखने के लिए है। लेकिन मुझे लगता है कि इसका उल्टा हो रहा है। ऐसे कई शो बनाए जा रहे हैं जो पूरे परिवार के साथ आप देख सकते हैं।

श्असुरय के साथ ओटीटी पर अपनी शुरुआत के बाद से अभिनेत्री ने लीक से हटकर विषयों को चुना है। उन्होंने कहा कि जब मैं टीवी छोडकर ओटीटी में आई थी तो मैंने वहां अपने काम के माध्यम से अपनी पहचान बनाई।

रिद्धि ने कहा, मैं सेट पर जाने से पहले अपनी टीम के साथ किरदारों में समय लगाती हूं। सेट पर मैं यथासंभव तैयार रहना पसंद करती हूं।

अभिनेत्री ने कहा कि जहां तक कंटेंट की बात है तो हमारा शो उस दिशा में एक निश्चित प्रयास करता हैं, जिससे दर्शक इससे जुडने पर मजबूर हो जाए।

# एक हफ्ते में बढ़ जाए इतना वजन तो हो जाइए सावधान, फेल हो सकता है हार्ट



शरीर का वजन ज्यादा कम या ज्यादा बढना दोनों ही सेहत के लिए ठीक नहीं है. अंडरवेट होने से कमजोरी आती है और ओवरवेट होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है. वजन बढना हार्ट फेल होने का संकेत भी हो सकता है. इससे कई और गंभीर बीमारी हो सकती है. वजन बढना तब और खतरनाक हो सकता है, जब हफ्तेभर में ही काफी तेजी से बढ़ जाए. आइए जानते हैं एक हफ्ते में कितना वजन बढ़ जाना ज्यादा माना जाता है.

इतना वजन बढना दिल के लिए खतरनाक

रिपोर्ट के अनुसार, अगर एक हफ्ते में 2.2 किलोग्राम से ज्यादा वजन बढड जाए या एक दिन में 1 से 1.5 किलो वजन बढ़ जाए तो हार्ट फेल भी हो सकता है. इससे दिल का कामकाज प्रभावित होता है और शरीर में पानी भरने लगता है.

किडनी खराब हो सकता है

अचानक से वजन का बढना किडनी की सेहत के लिए भी खतरनाक है. इससे किडनी सही तरह से काम नहीं कर पाता है और शरीर में पानी भरने लगता है. इसके चलते शरीर में सूजन और तेजी से वजन बढने जैसे लक्षण दिखने लगते हैं. इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

लिवर सिरोसिस का खतरा

बहुत तेजी से पेट निकलना लिवर सिरोसिस से हुई सूजन भी हो सकती है. इसमें लिवर तेजी से खराब हो सकता है. शराब का ज्यादा सेवन, हेपेटाइटिस या कोई दूसरी बीमारी भी लिवर सिरोसिस का कारण बन सकती है.

ओवेरियन कैंसर

अगर महिलाओं में तेजी से वजन बढ़ रहा है तो ये कैंसर के लक्षण हो सकते हैं. इससे ओवेरियन कैंसर में वेट गेन या ब्लोटिंग की समस्या भी हो सकती है. इसके साथ पेट में दर्द, नींद न आना, बार–बार पेशाब लगना,, भूख न लगना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं.

थायराइड की प्रॉब्लम

जब शरीर में थायराइड हॉर्मोन कम बनने लगता है तो वजन तेजी से बढ़ता है. ये बीमारी मेटाबॉलिज्म को स्लो कर देती है, जिससे बॉडी का फैट बढ़ जाता है और उसमें पानी भरने लगता है.